इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -241 राजनांदगांव, गुरूवार 18 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

सीएम विष्णुदेव ने की गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात, विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर हुई चर्चा...

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के दीर्घकालिक विकास के लिए बनाए गए छत्तीसगढ़ विजन @ 2047 पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में राज्य सरकार ने आठ अलग-अलग क्षेत्रों को चिन्हित किया है। इन क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए एक वर्किंग कमेटी का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से आम लोगों और विशेषज्ञों से चर्चा कर एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृहमंत्री को राज्य में माओवादियों के सप्लाई और फंडिंग नेटवर्क के खिलाफ की जा रही प्रभावी कार्रवाई के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने माओवादियों की गतिविधियों पर लगाम लगाने और उनके वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने नक्सल ऑपरेशन और माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों के बारे में भी गृहमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि माओवादी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का तेज़ी से विस्तार किया जा रहा है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

महाप्रभु जगन्नाथ के खजाने में अमूल्य निधियां, आज दोबारा खोला जाएगा रत्न भंडार

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ का धाम धन-धान्य से परिपूर्ण रहा है। मंदिर का रत्न भंडार अमूल्य निधियों से भरा हुआ है। इनमें बेशकीमती रत्न-आभूषण, दुर्लभ धातुओं की मूर्तियां, सोने-चांदी की मुद्राएं, मुकुट व अन्य अलंकार शामिल हैं। 46 साल के लंबे अंतराल के बाद इन निधियों के आकलन के लिए 14 जुलाई को रत्न भंडार खोला गया। हालांकि, भीतरी द्वार का ताला तोड़कर खोले जाने के बाद इसे दोबारा दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया था।

गुरुवार को इसे दोबारा खोला जाएगा। रत्नों की गिनती के दौरान एक-एक कर खजाने की निधियों की जानकारी लोगों के सामने आएगी। बता दें कि रत्न भंडार की संपत्ति का लेखा-जोखा रखने के लिए रत्न-आभूषणों की समय-समय पर गिनती कर सूची तैयार की जाती है। हालांकि, श्रद्धा और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए इनकी कीमत का आकलन नहीं किया जाता है।

1978 में खजाने के रत्नों और आभूषणों की गिनती में 72 दिन लगे थे। इस बार अपेक्षाकृत कम समय लगने की उम्मीद है। 12वीं शताब्दी में बने भगवान जगन्नाथ के मंदिर में अलग-अलग समय में राजा-महाराजाओं और अन्य श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक चढ़ाए गए सोने-चांदी के आभूषण और मुद्राओं को रत्न भंडार में सुरक्षित रखा गया है। आक्रमणकारियों और लुटेरों ने खजाना लूटने के लिए कई बार मंदिर पर आक्रमण भी किए हैं। मुगल काल में भी कई बार मंदिर को लूटा गया।

रत्नभंडार खोलने का क्या है शुभ मुहूर्त

रत्न भंडार कमेटी के मुताबिक, गुरुवार को खजाना खोलने का शुभ मुहूर्त सुबह 9.51 बजे से दोपहर 12.25 बजे तक है। इसी दौरान रत्नभंडार खोला जाएगा। इसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। एएसआई की टीम मंदिर के विभिन्न कक्षों के साथ भंडार गृह की दीवारों की मजबूती का आकलन करेगी। इसके लिए खजाने को तात्कालिक रूप से खाली कर सभी आभूषणों को एक अस्थायी खजाने में रखा जाएगा।

सैकड़ों किलो वजन के आभूषण और रत्न

वर्ष 2018 में ओडिशा विधानसभा में राज्य के तत्कालीन कानून मंत्री प्रताप जेना ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि 1978 में रत्न भंडार में करीब साढ़े 12 हजार भरी (लगभग 140 किलो) सोने के गहने थे। इन गहनों में कीमती पत्थर जड़े हुए थे। साथ ही 22 हजार भरी (लगभग 256 किलो) से कुछ ज्यादा के चांदी के बर्तन थे। इसके अलावा भी गहने और बर्तन खजाने में मौजूद थे, जिनका तब वजन नहीं किया गया था। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में दिए गए हलफनामे के अनुसार रत्न भंडार में तीन कक्ष हैं। 25 गुणा 40 वर्ग फुट के आंतरिक कक्ष में 50 किलो 600 ग्राम सोना और 134 किलो 50 ग्राम चांदी है। इनका कभी इस्तेमाल नहीं हुआ। बाहरी कक्ष में 95 किलो 320 ग्राम सोना और 19 किलो 480 ग्राम चांदी है। इन्हें त्योहार व विशेष अवसरों पर निकाला जाता है। बाहरी कक्ष में तीन किलो 480 ग्राम सोना और 30 किलो 350 ग्राम चांदी है। दैनिक अनुष्ठान के लिए इन्हीं का उपयोग होता है।

अंदरुनी भाग में भंडार के दो हिस्से

मंदिर के अंदरुनी भाग में स्थित रत्न भंडार के दो हिस्से हैं। एक बाहरी और एक भीतरी भंडार। बाहरी हिस्से को रथयात्रा समेत विभिन्न उत्सव-अनुष्ठान के अवसर पर खोला जाता है और आभूषण निकालकर भगवान के विग्रहों को सजाया जाता है। अंदरुनी हिस्से में अमूल्य निधियां हैं। रत्नभंडार खोलने के लिए सरकार की ओर से बनाई गई समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ रथ के अनुसार, रत्नभंडार में आभूषणों के अलावा कीमती धातुओं की कई मूर्तियां भी हैं। इनमें कुछ छोटी तो कुछ बड़ी हैं।

सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घटी आर्थिक विकास की रफ्तार - कांग्रेस

सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घटी आर्थिक विकास की रफ्तार - कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार भले ही बराबर तेज आर्थिक विकास की बात करती है लेकिन सच यही है कि पिछले 10 वर्ष के दौरान विदेशी निवेश में कमी आई है और इसके कारण आर्थिक विकास की रफ्तार कमजोर पड़ी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आज यहां कहा,÷2014 के बाद से भारत के तेज़ी से वृद्धि न करने का मुख्य कारण सुस्त निवेश दर, अस्थिर नीतियां, मित्र पूंजीवाद का बोलबाला के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का 'रेड राज' - इन तीन वजहों से 2014 से कम निवेश हो रहा है।

उन्होंने कहा, कम निवेश मध्यम और दीर्घकालिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर को नीचे खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप मजदूरी और उपभोग वृद्धि में गिरावट आती है। भारत में निजी घरेलू निवेश 2014 से सुस्त है। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान यह जीडीपी के 25-30 प्रतिशत के रेंज में था। स्वयंभू परमात्मा के अवतार के कार्यकाल में, यह जीडीपी के 20-25 प्रतिशत के रेंज में है लेकिन 2014 से सकल एफडीआई भी कमोबेश स्थिर रहा है। हालांकि, यह कहानी का केवल एक हिस्सा भर है। कम से कम 2016 से, दुनिया भर की बहु-राष्ट्रीय कंपनियाँ चीन से हटकर अन्य विकासशील देशों में निवेश करना चाह रही हैं।

प्रवक्ता ने कहा, इस स्थिति में भारत एक बड़े और बढ़ते लेबर पूल के साथ सही समय पर बिल्कुल सही जगह पर था - लेकिन एफडीआई हासिल करने और मैन्युफैक्चरिंग एवं निर्यात-उन्मुख अर्थव्यवस्था बनने का यह (शेष पृष्ठ 6 पर...)

केजरीवाल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित, 29 जुलाई को अगली सुनवाई

नई दिल्ली। सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 29 जुलाई को तय की गई। कोर्ट ने कहा, मुझे फैसला लिखने के लिए समय चाहिए। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मोहर्रम के मौके पर अदालतों में छुट्टी थी, ऐसे में जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने मामले में सुनवाई की।

सीएम केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल की और से पेश हुए वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह गिरफ्तारी एडिशनल इंश्योरंस अरेस्ट है। यह तब है जब सीएम तो तीन बार इस मामले में राहत मिल चुकी है। बता दें कि केजरीवाल ने सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चैलेंज किया है।

सीबीआई की दलील

सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया। सीबीआई ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की अधिकारियों के साथ गहरी सांठगांठ है। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के सहयोगी और उनकी पत्नी गवाहों को परोक्ष रूप से प्रभावित करने के लिए झूठी कहानी पेश कर रहे। सीबीआई ने अपने जवाब में दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आप प्रमुख द्वारा जानबूझकर जांच को पटरी से उतारने की कोशिश के कारण अरविंद केजरीवाल की आगे की हिरासत की मांग नहीं की। दलील दी कि केजरीवाल के आचरण को देखते हुए जांच अधिकारी ने मामले के तथ्यों से परिचित किसी व्यक्ति से उनका आमना-सामना कराना उचित नहीं समझा।

सिंघवी ने किया इमरान खान का जिक्र

सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि निचली अदालत ने मुझे चार दिन पहले पीएमएलए के तहत नियमित जमानत दी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार को बड़ा झटका, चार नेताओं ने छोड़ी पार्टी; शरद पवार गुट में हो सकते हैं शामिल

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक पहले चाचा शरद पवार ने भतीजे अजित पवार की एनसीपी में बड़ी सेंधमारी की है। अजित पवार को उनके ही चार टॉप नेताओं ने गच्चा दे दिया है। अजित गुट के चार बड़े नेताओं ने पार्टी को बाय-बाय कह दिया है। ये चारों नेता अब शरद पवार वाले गुट में शामिल हो सकते हैं।

अजित पवार गुट छोड़ने वाले नेताओं में पिंपरी-चिंचवड इकाई के प्रमुख अजित गव्हाणे, पिंपरी छात्र इकाई के प्रमुख यश साने, पूर्व नगरसेवक राहुल भोसले और पंकज भालेकर शामिल हैं। ये सभी इस वीकेंड तक शरद पवार की गुट में शामिल होंगे। अजित की पार्टी में सेंधमारी करके चुनाव से ठीक पहले शरद पवार ने अपने सियासी पावर का परिचय दिया है। एनसीपी नेता अजित गव्हाणे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और कहा, 'मैंने एनसीपी (अजित गुट) छोड़ दी है। मैंने पार्टी अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।एक रिपोर्ट के मुताबिक, अजित पवार गुट वाली एनसीपी के कई अन्य पदाधिकारी, पूर्व नगरसेवक और नेता भी पार्टी छोड़ने की तैयारी में हैं। गव्हाणे का दावा है कि ये सभी उनका समर्थन कर रहे हैं। गव्हाणे ने आगे कहा कि वह बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और अजित पवार का साथ छोड़ने के पीछे के कारणों का खुलासा करेंगे। लेकिन, उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या वह शरद पवार के खेमे में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, 'आपको पता चल जाएगा कि मैं किस पार्टी में शामिल हो रहा हूं, मैं आज कुछ नहीं बताऊंगा।

अजित गुट को बाय-बाय कहने वाले इन नेताओं की शरद पवार गुट में वापसी में कोई मुश्किल नहीं है। पिछले महीने ही शरद पवार ने कहा था कि वह उन लोगों को स्वीकार नहीं करेंगे जो उनकी पार्टी को कमजोर करना चाहते हैं, मगर उन नेताओं को शामिल करेंगे जो पार्टी की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। इस तरह से शरद पवार ने संकेत दे दिया था कि वह अजित गुट के नेताओं को भी अपनी पार्टी में आने देने से परहेज नहीं करेंगे।

प्राइवेट नौकरियों में 100 प्रतिशत आरक्षण वाली घोषणा पर घिरी सिद्धारमैया सरकार, श्रम मंत्री ने दी ये सफाई

बेंगलुरु। कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार की मुश्किलें इन दिनों लगातार बढ़ती जा रही है, जहां कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने निजी कंपनियों में ग्रुप सी और ग्रुप डी की सभी नौकरियों में कन्नड़ लोगों के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी। जिसके बाद से इस मामले को लेकर इंडस्ट्री लीडर्स और विपक्ष कर्नाटक सरकार पर हावी होने लगे है।

कर्नाटक सरकार पर लगातार उठ रहे सवाल को लेकर श्रम मंत्री संतोष लाड ने इस पर सफाई देते हुए कि कर्नाटक में निजी कंपनियों में गैर-प्रबंधन भूमिकाओं के लिए आरक्षण की सीमा 70 प्रतिशत और प्रबंधन स्तर के पदों के लिए 50 प्रतिशत तय की गई है।

आरक्षण को लेकर सीएम सिद्धारमैया ने घोषणा की थी कि निजी कंपनियों में ग्रुप सी और ग्रुप डी की सभी नौकरियों में कन्नड़ लोगों के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण होगा। हालांकि, जब निजी नौकरियों में आरक्षण को लेकर विवाद शुरू हुआ और उद्योग विशेषज्ञों ने इस फैसले की आलोचना शुरू की तो उन्होंने पोस्ट को डिलीट कर दिया। इसके बाद तरह-तरह के सवाल उठने लगे। इसके बाद कर्नाटक सरकार में श्रम मंत्री संतोष एस लाड ने मीडिया के सामने आकर सफाई दी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हाथरस भगदड़ पर भोले बाबा का नया बयान: कहा- कासगंज में हूं, जो हुआ उससे दुखी, जो आया उसे एक दिन तो जाना ही है

हाथरस। उत्तरप्रदेश के हाथरस भगदड़ मामले में सूरजपाल सिंह उर्फ भोले बाला का नया बयान सामने आया है। सत्संग में मची जानलेवा भगदड़ के 15 दिन बाद बुधवार को सूरजपाल ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात की। जिसमें उसने कहा कि 2 जुलाई की घटना के बाद मैं बेहद दुखी हूं, लेकिन जो होना तय है उसे कौन रोक सकता है? जो आया है उसे एक न एक दिन जाना ही है। बता दें कि हाथरस में हुए भोले बाबा के सत्संग के लिए आयोजकों ने 80 लोगों की परमिशन ली थी, लेकिन यहां ढाई लाख से ज्यादा लोग पहुंच गए थे।

हाथरस भगदड़ के बाद भोले बाबा और उसका खास सेवादार देवप्रकाश मधुकर नाटकीय रूप से गायब हो गया था। पिछले दिनों मधुकर ने दिल्ली में पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। जबकि, यूपी पुलिस की रिपोर्ट में क्लीनचिट मिलने के बाद आज भोले बाबा फिर सामने आया। उसने बताया कि वह कासगंज के बहादुर नगर है। सत्संग में हादसे के दौरान 121 लोगों के मारे जाने के बाद सूरजपाल का दूसरा बयान सामने आया है।

सूरजपाल उर्फ 'भोले बाबा' ने कहा- 2 जुलाई की घटना के बाद मैं बेहद दुखी हूं, लेकिन होनी को कौन रोक सकता है? जो आया है उसे एक न एक दिन जाना ही है, चाहे आगे जाए या पीछे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

तेल टैंकर समुद्र में पलटा, 13 भारतीयों समेत चालक दल के 16 सदस्य लापता; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोमवार को ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर पलट गया। जिसमें 13 भारतीयों सहित 16 चालक दल के सदस्य सवार थे, वो सभी लापता हो गए हैं। यह जानकारी अभी सामने आई है। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र ने बताया कि यह जहाज कोमोरोस का झंडा लगा हुआ तेल टैंकर था। जो दुकम बंदरगाह शहर के पास रस मदरका से लगभग 25 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में पलट गया। समुद्री सुरक्षा केंद्र ने बताया कि लापता चालक दल के सदस्यों को बचाने के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है। इसमें यह भी बताया गया कि कोमोरोस के झंडे वाले तेल टैंकर का नाम प्रेस्टीज फाल्कन है। इसमें 16 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 13 भारतीय और तीन श्रीलंकाई नागरिक थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

जल्द शुरु होगी छत्तीसगढ़ की 4 रेल परियोजनाएं, सीएम विष्णु देव साय और रेल मंत्री ने की चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न नई रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। रेल भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना और रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना को जल्द शुरू करने का आग्रह किया।

धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगांव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ेगी। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपए है।

अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना

इस परियोजना की मांग आजादी से पहले 1925 में की गई थी। हालांकि, 1948 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना अब तक अधूरी रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना अंबिकापुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) को बरवाडीह (झारखंड) से जोड़ेगी और परसा, राजपुर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना (277 किमी)

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना देश के पश्चिमी क्षेत्र में एसईसीएल और एमसीएल कोयला क्षेत्रों की निकासी के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। यह बिलासपुर और रायपुर स्टेशनों को बायपास करते हुए बलौदाबाजार क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8000 करोड़ रुपए है।

रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना (140 किमी)

रेलवे पहले से ही दल्ली-राजहरा-रावघाट 95 किमी नई रेलवे लाइन का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने सुझाव दिया कि इस लाइन को जगदलपुर तक बढ़ाया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के खनिज समृद्ध क्षेत्र से इस्पात उद्योगों तक लौह अयस्क की निकासी के कुशल और पर्यावरण अनुकूल साधन प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 3500 करोड़ रुपए है। बैठक के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इन परियोजनाओं की संभावनाओं और लाभों को स्वीकार किया और इन पर तेजी से काम करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ राज्य के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है और रेलवे मंत्रालय इन्हें प्राथमिकता देगा।

होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार
डॉ. विशाल गंगवानी
(BHMS, RHSC)
आशीर्वाद डेन्टल क्लीनिक, बसंतपुर रोड,
पुराना हॉस्पिटल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 6264277529
समय प्रतिदिन- प्रातः 10 से 2 बजे तक, सायं 4 से 8 बजे तक
होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियमों पर आधारित पद्धति है जिसमें मरीज को बिना साईड इफेक्ट के जटिल बिमारियों का जड़ से निदान की व्यवस्था है।
बिमारियाँ
☑ बच्चेदानी में गठान
☑ महावारी की अनियमितता
☑ ओवरी में सिस्ट
☑ एनजाइटी डिजआर्डर
☑ बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना
☑ बच्चों का बहुत हाइपर एक्टिव होना
☑ माइग्रेन
☑ पुराना सरदर्द
☑ एलर्जीक खुजली
☑ एलर्जीक सर्दी-खाँसी
☑ टान्सिलाइटिस
☑ मानसिक तनाव
☑ नींद न आना
☑ डिप्रेशन
☑ अस्थमा
☑ सोरीएसीस
☑ पथरी
☑ ब्लडप्रेशर
☑ मधुमेह
☑ थाइराईड
☑ साईटिका
विशेषकर पुराने जटिल एवं असाध्य रोग
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक अनुभव के साथ। हम आज के इस बिमारियों के युग में मरीज की संपूर्ण देखभाल बिना किसी इफेक्ट के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रभावकारी तरीके से करने हेतु कटिबध्द है।
नया केस अपांइटमेंट के द्वारा लिया जाता है।
अन्य क्लिनिक - चंदखुरी- आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, चंदखुरी भाटा
(समय : प्रति मंगलवार- प्रातः 10 से 2 बजे तक)

रूक-रूक कर हुई अच्छी बारिश से शहर तर-बतर, मौसम हुआ खुशगवार

शहर के गड्ढों से भरे सड़कों में हुआ जल जमाव... आवागमन में हो रही परेशानी

बारिश से किसानों के चेहरे खिले... 90 प्रतिशत बोनी का कार्य पूरा... पौधों की बढ़वार में आएगी तेजी

राजनांदगांव(दावा)। लम्बी प्रतिक्षा के बाद बुधवार को शहर सहित जिले भर में रूक-रूक कर ही सही पर दिन भर अच्छी बारिश हुई। इससे जहां मौसम खुशगवार हो उठा वही किसानों के चेहरे में थोड़ी रौनक देखने को मिली। बहुत दिन से अंचल के किसान अच्छी बारिश के लिए तरस गए थे। भगवान ने उनकी आस थोड़ी ही सही पर पूरी कर दी। खेतों में जल जमाव हो गया है। इससे धान के पौधों को प्राण मिल गया है।

इधर बुधवार को हुई अच्छी बारिश से शाम के समय मौसम सुहाना हो उठा और चिपचिपी गर्मी तथा उमस से जूझ रहे लोग शाम को तफरीह के लिए निकल पड़े। बुधवार को सुबह से ही बारिश के आसार दिखाई देने लगे थे। दोपहर के पूर्व ही इसकी स्थिति वन आई और गर्जने-तर्जन के साथ बारिश हुई। इस बीच दसियोंबार बिजली गुल का आलम बना रहा जिससे लोग बगैर पंखे, कुलर व एसी के उमस व चिपचिपी गर्मी से जूझते रहे।

शहर की सड़कों में जल जमाव

बता दे कि आषाढ़ के अंतिम में मानसून सक्रिय हुआ है। दो-दिन पहले हल्की-फुल्की बारिश जरूर हुई थी लेकिन वंनाचल क्षेत्र में अच्छी बारिश की खबर है। वही आसाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रूक-रूक कर ही सही पर अच्छी बारिश होने से शाहर की सड़कों में जल जमाव हो गया वही दिग्विजय कॉलेज से लेकर जिला चिकित्सालय जाने वाले गड्ढो से भरी सड़क में जल जमाव होने से कीचड़ का माहौल पैदा हो गया जिससे आवाजाही करने वाले लोगों की खासी परेशानिया हो रही है। कालेज के सामने ही मोड़ में बड़ा सा गड्ढा हो गया है जिसमें प्रायः जल-जमाव बना रहता है। छात्रों को उसे फलांग कर चलना पड़ता है।

सड़क कीचड़ का माहौल

गत दिनों महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के वार्ड चिखली में सड़क में हुए बडे से गड्ढे को लेकर वार्डवासी सड़क पर आ गए थे। लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए निगम ने उक्त गड्ढे को ढांकने के लिए उसमें गिली मुरूम डाल दी। हल्की सी बारिश होने पर वह मुरूम और भी गीला हो गया जिससे वहां पर कीचड़ का माहौल निर्मित हो गया है। मुरूम के गीली होने से सड़क पर बहने लगा है जिससे लोग फिसलकर हादसे के शिकार लेने लगे है। इसी तरह लखोली रोड में भरी बारिश के समय पुल बनाए जाने से वहां भी कीचड़ का माहौल निर्मित हो गया है। वहां पर बन रहे रपटा नुमा पुल के सांईड़ में आवाजाही के लिए जगह छोड़ दी गई है जो काफी गड्ड-मड्ड है। जिससे लोगों को दचके खाते हुए गुजरना पड़ रहा है। बारिश का पानी भरने की वजह से फिसलन होने के कारण लोग उसमें गिरकर हादसे का शिकार हो रहे है। बारिश होने के बाद शहर के गड्ड-मडड सड़कों में ज्यादातर ऐसी ही स्थिति देखने में आ रही है जो निगम की सफाई व्यवस्था से लेकर पक्की सड़क की व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

खेतों में नमी से पौधों की बढ़वार

बता दे कि मानसून के दस्तक देने के बाद भी अच्छी बारिश नहीं हो पाई थी। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी। पिछले कुछ दिनों से मानसून लौटा है। लेकिन जोरदार तो नहीं पर रूक-रूक कर हो रही बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी है जिसमें धान के पौधों की बढ़ने का अच्छा अवसर मिल रहा है। बुधवार को हुई बारिश से खेतों में जल जमाव होगा व इससे पौधों को और भी प्राणदान मिल जाएगा। अधिकारियों की माने तो जिले में 90 प्रतिशत खरीफ फसल बोनी का कार्य पूरा कर लिया गया है। वही दलहन-तिलहन की बोनी अब अंतिम चरण में बताई जा रही है। जिले में अच्छी बारिश होने से धान रोपाई का कार्य भी लगभग अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस वर्ष दलहन-तिलहन में अधिक से अधिक दिए जाने के कारण धान बोनी का रकबा कम किया गया है। एक लाख 72 हजार एक सौ 11 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की बोनी कराई जा रही है। वही रोपाई वाले धानका रकबा 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल के आसपास बताया जा रहा है। अधिकारियों की माने तो राजनांदगांव तहसील से लेकर डोंगरगांव, डोंगरगढ़, घुमका, कुमर्दा, छुरिया, लालबहादुर नगर आदि स्थानों पर मानसून की सक्रियता बढ़ जाने से लगाता है बारिश हो रही है। कृषि विभाग के संचालक का कहना है कि बारिश अच्छी होने से फसलों की जीवनदान मिला है।

पहला कॉलम...

नाले में फंसे ट्रैक्टर को खींचते पलटा दूसरा ट्रैक्टर, युवक की मौत

राजनांदगांव (दावा)। मोहारा चौकी क्षेत्र के ग्राम खैरबना में ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर के नीचे बुरी तरह दब गया था। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार शाम 5.30 बजे की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खैरबना के नाले में गांव के ही एक व्यक्ति की ट्रैक्टर कीचड़ में फंसी हुई थी। जिससे खींचने के लिए गांव के महेंद्र भारती (29) से मदद ली गई। महेंद्र अपनी ट्रैक्टर से मौके पर पहुंचा और फंसे हुए ट्रैक्टर को रस्सी से बांधकर अपनी ट्रैक्टर से खींचने लगा। इसी दौरान महेंद्र की ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें महेंद्र बुरी तरह दब गया। जिसे निकालकर हॉस्पिटल पहुंचा गया, लेकिन तब तक महेंद्र की मौत हो गई थी। मोहारा पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

दैवेभो कर्मचारी संघ के सुनील चौहान अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊस कार्पोरेशन कर्मचारी संघ (छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ से संबद्ध) राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के तहत कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष नंदकिशोर नागपुरे की उपस्थिति में राजनांदगांव जिला दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के सुनील चौहान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। इस अवसर पर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष अजय बर्मन, संजू श्रीवास्तव, अवधेश सोनकर, सूरज चौहान, भूपेन्द्र ऐडे, कन्हैया साहू, कमलेश रामटेके, भुनेश्वर साहू, तिलेश्वर मार्कण्डेय, शिव मार्कण्डेय, सूर्या, धर्मेन्द्र पटेल, खम्मन साहू, अमित मंडले ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

श्रीमती संध्या श्रीवास्तव का निधन

डोंगरगढ़(दावा)। शहर के एक बत्ती पाँच रास्ता निवासी श्रीमती संध्या श्रीवास्तव का 52 वर्ष की उम्र में हृदयाघात की वजह से बीती देर रात्रि 11 बजे आकस्मिक दुःखद निधन हो गया है। वे विजय श्रीवास्तव की पत्नी थीं। वे अपने पीछे पति सहित एक पुत्री, एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका अंतिम संस्कार बड़ी बम्लेश्वरी मंदिर छिरपानी में लगभग 2 बजे अपरान्ह में किया गया। जिसमें सामाजिक बंधुओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित हुए।

विश्वजीत पंडा का निधन

डोंगरगढ़(दावा)। काली बाड़ी डोंगरगढ़ के पुरोहित विश्वजीत पंडा, जिनका कल भिलाई के पास सड़क दुर्घटना मे आकस्मिक निधन हो गया है।

अब विधायकों को नहीं घिसनीं पड़ेगी कलम, छत्तीसगढ़ विधानसभा हाईटेक हो रहा हैं

छत्तीसगढ़ विधान सभा

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा धीरे-धीरे हाईटेक हो रहा है। विधानसभा सचिवालय की तरफ से अभी तक प्रश्न लगाने की व्यवस्था का ऑनलाइन की गई थी। अब विधायकों को एक और सुविधा ऑनलाइन मिलने लगी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य (विधायक) को अब विधानसभा सचिवालय को ध्यानकर्षण की सूचना देने के लिए कलम नहीं घिसना पड़ेगा। विधानसभा सचिवालय ने इसके लिए भी ऑनलाइन व्यवस्था लागू कर दी।

डॉ. रमन सिंह ने दिया निर्देश

अफसरों ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में जुलाई, 2024 सत्र से ध्यानाकर्षण सूचना माननीय सदस्यों से प्राप्त करने एवं विभागों द्वारा पत्राचार करने के लिए ऑनलाईन प्रकिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से ऑन लाईन ध्यानाकर्षण प्राप्त करने तथा उसका जवाब देने की चरणबद्ध सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण विधान सभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया।

इसके साथ ही विधानसभा सचिवालय में 11.07.2024 को राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा माननीय सदस्यों के लिए ऑनलाईन ध्यानाकर्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखेश्वर बघेल, नीलकंण्ठ टेकाम, व्यास कश्यप, प्रबोध मिंज, द्वारिकाधीश यादव एवं रायमुनि भगत सहित अन्य सदस्यों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। साथ ही वर्चुअल माध्यम से भी सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

इस सत्र में ऑनलाईन प्रक्रिया प्रायोगिक रूप से की जा रही है। सदस्यों एवं विभागों को ऑनलाईन के साथ ही पूर्वानुसार ऑफ्लाईन प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाईन ध्यानकर्षण की सूचना से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र एवं संसदीय कार्य विभाग के सहयोग से 11 एवं 12 जुलाई, 2024 को मंत्रालय में भी समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से किया दुष्कर्म, पीड़िता को साथ लेकर घुम रहा था आरोपी, गंडई से गिरफ्तार

कबीरधाम (दावा)। कबीरधाम पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी रणवीरपुर का है।

एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला फुसला कर भगा ले गया है। शिकायत के बाद पुलिस की जांच शुरू हुई। इस दौरान पता चला कि आरोपी मुकेश अडमाची पिता धरमू अडमाची उम्र 22 निवासी ग्राम बीसावाडा थाना डुडासिवनी जिला सिवनी ने लड़की को अपने साथ ले गया है। बीते चार दिन से आरोपी को ट्रेस किया जा रहा था।आरोपी द्वारा लगातार लोकेशन बदल रहा था। कभी प्रयागराज (यूपी) तो कभी एमपी के सिवनी, कटनी में था। इसे लगातार चार-पांच दिन तक पीछा कर ग्राम गंडई के बस स्टैण्ड पर बालिका के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137(2)87,64(2) एम65 (1) बीएनएस, 06 पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

अब गौ तस्करी संभव नहीं : डिप्टी सीएम शर्मा बोले-तस्करों को 7 साल की सजा, जुर्माना और संपत्ति भी...

रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार गौवंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से निपट रही है। हमने सजा और जुर्माने का प्रावधान करके यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी इस कानून का उल्लंघन न कर सके। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब गौ तस्करी संभव नहीं। और इसके लिए हमने प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय की है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने तस्करी और अवैध परिवहन पर सख्त सजा का प्रावधान किया है। अवैध परिवहन पर सात साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यह सिद्ध करना कि तस्करी नहीं हो रही है, अभियुक्त पर होगा। अपराध को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सक्षम अधिकारी के अनुमति के बिना गौवंश का परिवहन नहीं किया जा सकेगा। परिवहन के दौरान वाहन में फ्लेक्स आदि लगाना होगा। तस्करी करने पर वाहन राजसात किया जाएगा और वाहन मालिक पर भी कार्यवाही होगी। इससे अर्जित संपत्ति को चिन्हित कर कुर्क किया जाएगा।

डिप्टी सीएम ने कहा कि राजपत्रित अधिकारी को उक्त घटनाओं की रोकथाम और पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। पुलिस के अधिकारी शिथिल या संलिप्त होने पर उन पर कठोर कार्यवाही होगी। आसूचना एकत्रित करना, जिले के सभी प्रकारों का अध्ययन करना और सभी आरोपियों की पुनः समीक्षा व सतत निगरानी आवश्यक होगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यदि नियम विरुद्ध परिवहन होना पाया जाता है तो जहां से परिवहन शुरू हुआ और जहां वाहन जब्त किया गया है, उस बीच के समस्त पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारियों के सर्विस बुक में नकारात्मक टीप अंकित की जाएगी और पांच से अधिक बार नकारात्मक टीप अंकित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। यदि किसी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी की गौवंश के वध तथा गौवंश व दुधारू पशुओं की तस्करी (अवैध परिवहन) की कार्यवाही में किसी प्रकार की शिथिलता व संलिप्तता पायी जाती है, तो उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक/विभागीय कार्रवाई किया जायेगा।

न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक
202406090200050
विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व सनः-2023-24
नागरकोहरा प.ह.नं. 00017 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार - गोसाई राम,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोसाई राम पिता मिलउ राम जाति धोबी ग्राम नागरकोहरा तहसील- छुरिया, जिला-राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक की पुत्री सीमा का जन्म 06.07.2002 को ग्राम नागरकोहरा में हुआ है जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पाया है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपनी पुत्री सीमा का जन्म 06.07.2002 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र. पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई 22-07-2024 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं, वकील, आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जवेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/06/2024 को जारी किया जाता है।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
छुरिया, जिला राजानांदगांव

प्रदेश में 19 जुलाई से भारी बारिश की संभावना, जमकर बरसेंगे बदरा

रायपुर(दावा)। प्रदेश के अधिकांश जगहों पर आज बारिश के आसार हैं। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के एक दो जगह पर सुबह से ही बूंदाबांदी हुई। इसके बाद मौसम साफ हो गया है। हालांकि शाम तक बारिश के आसार हैं।

बारिश के दौर जारी होने से भी तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 19 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके वजह से प्रदेश के अधिकांश जगहों पर बारिश होने की संभावना है। साथ ही एक-दो जगह पर भारी बारिश के आसार हैं। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि एक निम्न दबाव का क्षेत्र विदर्भ और उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में बना हुआ है। उससे संबद्ध चक्रवर्ती परिसंचरण औसत समग्र ताल से 5.8 किलोमीटर ऊपर तक विस्तारित है जो ऊंचाई के साथ दक्षिण पश्चिम की ओर झुका हुआ है।

बुधवार को चक्रवती परिसंचरण की वजह से प्रदेश के दक्षिणी भागों में भारी बारिश के आसार हैं। बस्तर संभाग के कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ वज्रपात की भी संभावना है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अधिकांश जगहों पर गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है। बीते दिनों मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में सुबह से ही बादल छाए रहे। शाम के समय में अधिकांश जगहों पर हल्की मध्यम बारिश हुई।

प्रदेश में इन दोनों बारिश का दौर जारी है, लेकिन तापमान में कोई असर नहीं पड़ रहा है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 35 डिग्री जा पहुंचा है। आगामी दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मंगलवार को डोंगरगढ़ में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान नारायणपुर में 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
15th July To 18th July 2024
Handa - 12:15, 03:15, & 06:15 pm
Sarfira - 12:00, 03:00, 06:30 & 09:30 pm
Hindustani 2 - 11:30am, 03:00 & 09:30 pm
Kalki 2898 AD - 06:00 & 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) ✆ 8085600200
paytm
book my show
silver SCREEN
SARFIRA
हण्डा

शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-7-9
668-0 480-2
राजधानी
1-5-8
590-4 478-9

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कांग्रेस सरकार के कार्यों का राष्ट्रीय पुरस्कार भाजपा सरकार ले रही-कांग्रेस

भाजपा सरकार ने 6 महीने में गरीब जनता के हित में कोई कार्य नहीं किया जिसका राष्ट्रीय पुरस्कार मिले

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान हुए जनता की भलाई के कार्यो का राष्ट्रीय पुरस्कार भाजपा की सरकार ले रही है। बीते 6 महीने में भाजपा सरकार ने शहर के निवासियों के जीवन में परिवर्तन लाने उनके आजीविका को बेहतर बनाने उनके आर्थिक मजबूती के लिए कोई काम नहीं किया है जिसका उसे पुरस्कार मिलेगा।

छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के पांच राष्ट्रीय पुरस्कार मिल रहे हैं वह कांग्रेस के सरकार के दौरान हुए कामों का परिणाम है। यह राष्ट्रीय पुरस्कार भाजपा को चिढ़ा रही है जो भाजपा चुनाव के दौरान कांग्रेस सरकार पर शहरी गरीब परिवार के आजीविका सुधारने के लिए कोई काम नहीं करने झूठा आरोप लगाते थे जब भाजपा सरकार के मंत्री यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे तब उन्हें अपने झूठे आरोपो पर अफसोस होगा। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने व्यक्ति विकास की नीति अपनाकर हर वर्ग की चिंता की है हर वर्ग के जीवन में परिवर्तन लाया है।

जहां मोदी सरकार के गलत नीतियो महंगाई बेरोजगारी बढ़ी आर्थिक मंदी रही धंधा, व्यवसाय चौपट था छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की नीतियों के चलते आर्थिक मंदी नहीं था रोजी रोजगार का संकट नहीं था गरीबों के लिए आवास बनाये स्वास्थ्य की सुविधा दी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरुआत करके बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी के शिक्षा दिए प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों को निशुल्क भाग लेने का अवसर मिला उद्योग लगाकर रोजगार दी वेंडर पॉलिसी बनाये, स्थानीय निर्माता विक्रेताओं को सरकारी विभागों में सामान सप्लाई का अवसर दिया जिसके चलते छत्तीसगढ़ में राजस्व कलेक्शन अच्छा हुआ। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी। छत्तीसगढ़ सरकार के योजनाओं का नीति आयोग ने भी सराहा था और अन्य राज्यों को इसे लागू करने की सुझाव भी दिया था।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही पथ विक्रेताओं के दुकानों पर बुलडोजर चला दिया गया। गरीबों को आवास बनाने दी जा रही किस्त की राशि रोक दी गई। विद्युत दर में बढ़ोतरी और विद्युत कटौती से जनता परेशान हो गई। सरकारी नौकरी के अवसर बंद हो गए व्यापारियों के ऊपर 50000 रु की खरीदी में भी ई बिल अनिवार्य करके रेहड़ी खोमचा फेरी वाले छोटे दुकानदारों के व्यापार को चौपट कर दिया गया। गरीबों को जमीन खरीदने में रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत मिलने वाले छूट को खत्म कर दिया। 6 महीने में ही 5 साल से फलफुल रहे छत्तीसगढ़ अधमरा सा हो गया है। हर तरफ भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार की इन कुनितियों पर तो राष्ट्रीय पुरस्कार नहीं मिलेगा।

डॉ. रमन सिंह से मिलने बरसते पानी में भी दिन भर फरियादियों की रही भीड़

वैष्णव समाज के नवनिर्मित भवन उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. सिंह ने दानवीर राजाओं को किया याद

राजनांदगांव(दावा)। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमनसिंह का बुधवार 17 जुलाई को शहर में अति व्यस्त कार्यक्रम रहा। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सघन पौधरोपण कार्यक्रम से लेकर कृषि उपज मण्डी में वृक्षारोपण सहित दीनदयाल उपाध्याय नगर चिखली में वैष्णव समाज के नव निर्मित सामाजिक भवन का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित रहा, जिससे डॉ रमन सिंह की दिन भर व्यस्तता बनी रही। लोग बरसते पानी में अपनी फरियाद लेकर डॉ. रमन सिंह से मिलने पहुंचे हुए थे। डॉक्टर सिंह ने सबकी सुनी और उन्हें आश्वस्त किया।

डॉ. रमन सिंह दीनदयाल उपाध्याय नगर में वैष्णव समाज के भवन का उद्घाटन करने पहुंचे तो बरसते पानी में भी लोगों की वहां काफी भीड़ रही। डॉ, साब ने इस अवसर पर राजनांदगांव के दानवीर राजा महंत घासीदास से लेकर सर्वेश्वर दास, दिग्विजय दास को याद किया और कहा कि संस्कार धानी नगरी के इन दानवीर बैरागी राजाओं ने राजनांदगांव में रेल्वे लाईन से लेकर यहां के लोगों के हाथों में काम देने बीएनसी मिल व बच्चों की शिक्षा के लिए सर्वेश्वर दास हाई स्कूल व दिग्विजय कालेज का दान किया वहीं राजधानी रायपुर में महंत धासीदास संग्रहालय से लेकर नल बिजली व महंत बलराम दास जिला ग्रन्थालय सहित अन्य चीजें दान दी है।

डॉ. रमन सिंह ने बताया कि वैष्णव समाज के लिए उन्होंने पिछली बार 20 लाख रुपए में भवन निर्माण की घोषणा की थी जिसका भूमि पूजन तत्कालीन सांसद मधुसूदन यादव ने किया था। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख वह जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल आदि सहित वैष्णव समाज के लोग उपस्थित रहे।आज उन्हें वैष्णव समाज के उक्त नव निर्मित सामाजिक भवन के उद्घाटन का सौभाग्य मिला है।

सांसद ने समाज के लिए 5 लाख रुपए वैष्णव समाज के नवनिर्मित सामाजिक भवन उद्घाटन के अवसर पर समाज के लोगों द्वारा भवन के विस्तार विकास के लिए डॉ. रमन से 10 लाख रुपए की मांग की गई। इस पर डॉ. सिंह ने सांसद संतोष पाण्डे को उक्त सहयोग के लिए मांगने के सुझाव दिए। इस पर सांसद श्री पांडे द्वारा समाज को 5 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की गई। इस दौरान कार्यक्रम में सासद संतोष पाण्डे सहित, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, ननि. नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, मणि भास्कर गुप्ता, भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि, गिन्नी चावला आदि सहित जिला भाजपा महामंत्री व वैष्णव समाज के रविंद्र वैष्णव, मनोज निर्वाणी अधिवक्ता आर.डी. वैष्णव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को

श्री अग्रसेन भवन में आयोजित होगा महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। श्रीमतपरमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोणित ब्रह्मनिष्ठ अनंत श्री विभूषित, आनंद कृष्ण धाम, हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का संस्कारधानी नगरी में आगमन आगामी 19 जुलाई को होने जा रहा है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यहां श्री अग्रसेन भवन में शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन किया जाएगा। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राजनांदगांव में पूज्य स्वामी जी के लगभग 200 शिष्य निवास करते है। यहां के शिष्यों के आग्रह पर स्वामी जी इस वर्ष का गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम राजनांदगांव में करने का निर्णय लिया है। इस दौरान पूरे देशभर में फैले अनेक शिष्यों का आगमन राजनांदगांव में होने जा रहा है। पूरे आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय शिष्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। श्री लोहिया ने बताया की गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई 2024 रविवार को श्री अग्रसेन भवन, राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। सुबह 09:00 बजे पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा गुरु की महत्ता विषय पर प्रवचन होगा, 10:00 बजे पूज्य स्वामी जी द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जी एवं सद्गुरुदेव जी का पूजन किया जाएगा। 10:30 बजे से शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन विधि विधान से किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे आरती होगी।

महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एवम व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु गुरुदेव भक्त मंडल के सदस्यो की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के सदस्य डा.कल्याण साहू के निवास में संपन्न हुई।

बैठक में पूज्य गुरुदेव भगवान के आगमन, आवास व्यवस्था, मंच साज सज्जा, गुरु पूजन, गुरु प्रसादी की व्यवस्था की जानकारी दी गई। बाहर से आने वाले गुरु भाई एवम बहनों के आवास इत्यादि की समुचित व्यवस्था श्री सत्यनारायण धर्मशाला में की गई है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पूज्य गुरुदेव भगवान की आवास व्यवस्था डा.कल्याण साहू के निवास, रघुवर मार्ग, केशर नगर, राजनांदगांव में रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, अशोक लोहिया, डॉ. कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, हितेंद्र शर्मा हित्तू, पवन लोहिया, श्रीमती संगीता चंद्रकांत जोशी एवम श्रीमती भारती कल्याण साहू उपस्थित हुए। सभी ने महोत्सव को धूमधाम से संपन्न करने का निर्णय लिया है।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने बहुआयामी प्रतियोगिताएं आयोजित की

Dr. JB SING SIR HALL

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने हाल ही में श्रेयांश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में भाषण, कविता पाठ, वाद-विवाद और भाषण सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना था और स्कूल उनके समग्र विकास के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल ने इन प्रतियोगिताओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा, हमारा मानना है कि इस तरह के आयोजन हमारे छात्रों के व्यक्तित्व को आकार देने, उनके संचार कौशल को बढ़ाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम अपने छात्रों की विविध रुचियों और प्रतिभाओं को पूरा करने वाले अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं।

इन प्रतियोगिताओं में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने अपने असाधारण वक्तृत्व कौशल, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। इन कार्यक्रमों को छात्रों को खुद को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने, आलोचनात्मक रूप से सोचने और सार्वजनिक बोलने के लिए जुनून विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट अपने छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यापक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल की पहल, जैसे कि ये प्रतियोगिताएं, जीवन के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपने समर्पण को प्रदर्शित करती हैं।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, (सी.जी. बोर्ड) प्राचार्य गोपाल साहू, (सीबीएसई बोर्ड) प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

भाजपा राज में भ्रष्टाचार चरम पर, कानून व्यवस्था चरमराई, वादाखिलाफी भाजपा की पहचान बन गयी है : पिंटू

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता कमलजीत पिंटू ने भाजपा सरकार के अब तक के कार्यकाल को पूरी तरह विफल बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार अब तक अपनी ही गारंटी को पूरा करने में नाकाम रही है, फिर भी अपनी झूठी तारीफ कर मिया मिठ्ठू बन रही है।

उन्होंने विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से कानून व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो चुकी है। अपराधी निरंकुश होकर लूट, चोरी, हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है। राजधानी मे आए दिन गोलीबारी की घटनाएं हो रही है। शराब बंदी की मांग करने वाली भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव में शराब बेचने के साथ जुआ, सट्टा खिलवा कर सामाजिक ताना बाना को छिन्न-भिन्न कर रहे है। विष्णुदेव सरकार के 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया, जिससे विकास थम गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश मे हालत यह हो गई है कि एसपी-कलेक्टर कार्यालय तक सुरक्षित नहीं है। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी और आरंग में दो लोगों की पीट-पीटकर हत्या हो गयी। गौ तस्करी की घटनायें बढ़ गई है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोत्तरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी है। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है।

श्री पिन्टू ने कहा कि नक्सलवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो गयी। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने 6 माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे है, किन्तु सरकार केवल अपना गुणगान करने में मस्त है। रेत के दाम तीन गुना बढ़ गये भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है।

श्री पिंटू ने यह भी कहा कि 18 लाख आवास देने का वादा था, 6 माह में 1 भी नया मकान नहीं दे पाये। कांग्रेस राज में 7 किलो राशन मिलता था, उसमें कटौती हो गयी, सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में बिजली महंगी होने के बाद भी नहीं मिल रही है। जमीनों की रजिस्ट्री में जनता को लूटा जा रहा है। भूमि के गाईड लाईन के दर में 30 प्रतिशत कि छूट को समाप्त कर दिया, लेकिन रजिस्ट्री फीस में 4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को नहीं हटाया गया। खाद-बीज का संकट सरकार की तैयारियों पूरी नहीं सरकार ने व्यापारियों से भयादोहन शुरू कर दिया। जीएसटी के छापे मारे जा रहे, व्यापारियों को डरा कर वसूली किया जा रहा है। वहीं जमीनों के खसरा को भी लॉक कराया जा रहा है। श्री पिन्टू ने यह भी आरोप लगाया है कि नामांतरण, बंटाकन, रजिस्ट्री रोककर जमीन व्यापारियों से वसूली किया जा रहा है। 6 माह में 16000 करोड़ का कर्ज ले लिया है, जिसके चलते सरकार का वित्तीय प्रबंधन भी फेल हो रहा है। भाजपा सरकार आने के बाद पांच सौ रूपया में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा भूल गये, छात्रों को स्कूल, कॉलेज जाने भत्ता का वादा भूल गये, 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का वादा अधूरा, कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रूपये सालाना देने का वादा भूल गये। इन्होने यह भी कहा है कि रिमोट कंट्रोल सरकार है विष्णुदेव सरकार। छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र शासित सरकार बन गयी है। सरकार के सारे फैसले पीएमओ से लिये जा रहे है। महतारी वंदन में माताओं-बहनों से धोखा, 25 प्रतिशत माताओं के खाते में पैसा गया, शेष घूम रही है। साथ सरकार 6 माह में ही अलोकप्रिय साबित हो रही है।

नवरोपित पौधों एवं वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान - मधुसूदन यादव

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने गठुला में किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। शहर के निकटस्थ ग्राम पंचायत गठुला में वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विशेष अतिथि के रूप में किसुन यदु, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम राजनांदगांव उपस्थित रहें। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गठुला के निवासियों के तत्वावधान में प्रातः 10 बजे से ग्राम पंचायत प्रांगण हाईस्कूल मैदान में किया गया। ग्राम पंचायत गठुला के प्रतिनिधि के रूप में सरपंच श्रीमती चित्ररेखा ठाकुर, उपसरपंच सुखीराम साहू, हेमलाल साहू, जनपद सदस्य श्रीमती ललिता साहू, पूर्व सरपंच गौरव बोरकर, टुकेश्वर साहू, घनश्यामदास साहू, शेखर विश्वकर्मा, मन्नूलाल श्रीवास, गोकुल साहू, रत्ना साहू, भुनेश्वरी साहू, चौनसिंह श्रीवास एवं पंचायत सचिव शिवेन्द्र सिंह बघेल सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया।

भाजपा नेताद्वय मधुसूदन यादव एवं किसुन यदु ने अपने करकमलों से नीम, कदंब, बादाम के 10 पौधों का रोपण ग्रामवासियों की मदद से किया। इस अवसर पर वार्डवासियों को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने कहा की केन्द्र एवं राज्य शासन के आव्हान पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की मुहिम चलाई जा रही है, जिसमें हम सब को भी अपना योगदान देना है। उन्होंने ग्रामवासियों से नवरोपित पौधों एवं वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही।

19 पौवा शोले प्लेन देशी शराब की जब्त

राजनांदगांव(दावा)। छुरिया पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में आरोपी से गुलाबी रंग के कपड़े के थैले में रखे 19 पौवा शोले देशी प्लेन शराब एवं नगदी रकमकी जब्ती 200 रुपए की है। पकड़े गए शराब की कीमत 1710 रूपये बताई जाती है। आरोपी का नाम मुकेश मालेकर पिता देशराज मालेकर उम्र 31 साल निवासी वार्ड नंबर 1 छुरिया बताया जाता है। छुरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 17 जुलाई को मुखबीर द्वारा सूचना मिलने पर कि अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने एक व्यक्ति द्वारा ईमली पेड के नीचे बोईरडीह रोड छुरिया पास अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिक्री कर रहे मुकेश मालेकर को गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर उसे छोड दिया गया है ।

राज्य के हितों को दरकिनार कर साय सरकार ने राजस्थान को कोल उत्खनन की अनुमति दे दिया - दीपक बैज

दलीय प्रतिबद्धता में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के हितों की अनदेखी किया

रायपुर। राज्य के हितों को दरकिनार कर साय सरकार ने राजस्थान को कोल उत्खनन की अनुमति दे दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हसदेव अरण्य कोल फील्ड में संचालित परसा ईस्ट एवं कांता बासन (पीईकेबी) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग उत्खनन के लिये दे दिया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस आशय की जानकारी सोशल मीडिया में दिया है। दलीय प्रतिबद्धता में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के हितों तथा राज्य के पर्यावरण को अनदेखी किया है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के हितों को देखते हुये यहां पर उत्खनन की अनुमति देने से मना कर दिया था जबकि उस समय राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार थी। उसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने राज्य के हितों से समझौता नहीं किया था। इस खदान को रद्द करने कांग्रेस की सरकार ने केंद्र सरकार के पास अनुशंसा भी भेजा था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के दबाव में राज्य के कोल उत्खनन की बंदरबांट शुरू हो गयी है। भाजपा सरकार अडानी के हितों को सर्वंधित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौपना शुरू कर दिया गया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की जा चुकी है। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके है। यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृत केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था तब कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था तथा केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था। 31.10.2022 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माईंस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने को कहा था। विधानसभा से भी कांग्रेस सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव पारित करवा कर केंद्र को भेजा था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र की सभी कोल खदानों को निरस्त किया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में 27 जुलाई 2022 को प्रस्तावित प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने का संकल्प लिया था। इस दौरान मोदी सरकार के कोयला मंत्री ने रायपुर आकर यह भी कहा कि जहां पर कोल बेयरिंग एक्ट लागू होता है वहां पेसा कानून के प्रावधान लागू नहीं होते किसी के आपत्ति या सहमति से कोल खनन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा मोदी सरकार उस क्षेत्र में भी कोयले का खनन जारी रखेगी। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद अडानी को फायदा पहुंचाने पेड़ों की कटाई शुरू हो चुकी है।

डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा से मंडी बोर्ड ने निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की

व्यापारी एवं कृषकों ने अभिषेक सिंह एवं डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त किया

राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश की बड़ी कृषि उपज मंडियों में शुमार रखने वाली राजनांदगांव की कृषि उपज मंडी अपने निर्माण के बाद लगातार उपेक्षा का दंभ झेल रही थी।

विदित हो कि राजनांदगांव में डॉ रमन सिंह ने मंडी की विशाल संरचना स्थापित की थी, उस समय मंडी समिति के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत थे। परंतु बाद में शासन ने मंडी समिति की व्यवस्था को ही भंग कर दिया था, जिसके चलते मंडी लगातार राजनीतिक उपेक्षा का शिकार होती रही, जिसके कारण व्यापारी एवं कृषक गण अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते रहे, विगत 5 वर्षों में कांग्रेस के शासन में कोई भी नया कार्य नहीं हो पाया। इसी परिपेक्ष में कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव की अनाज मंडी प्रांगण एवं थोक सब्जी मंडी प्रांगण में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों की परेशानी व्यापारी एवं कृषकों ने बताई थी, जिस संबंध में कलेक्टर राजनांदगांव एवं प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड की साधारण बैठक 12 मार्च 2024 को तय किए गए प्रस्ताव में 9 विभिन्न निर्माण कार्यों की रूपरेखा बनाई गई तथा इस संबंध में व्यापारियों ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से चर्चा की थी। वर्तमान में निर्माण कार्यों के प्रस्ताव पर डॉ रमन सिंह की अनुशंसा होते ही प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड द्वारा मंडी निधि से 4 करोड़ 41 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान गई की गई, जिससे मंडी समिति के व्यापारी एवं कृषको में हर्ष व्याप्त है, सभी ने आज विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय पहुंचकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का एवं डॉ रमन सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडी समिति के अध्यक्ष शेख मोहम्मद, उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, सचिव अजय जायसवाल, अक्कू भाई, बंटू भाई, राहुल जायसवाल, मुरली फगवानी, संजय तेजवानी, चंदन जायसवाल एवं शमी सहित कई कृषक मौजूद थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा एवं रोहित चंद्राकर उपस्थित थे.

इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान हुई

विभिन्न 9 प्रस्ताव पारित हुए जिसमें प्रमुख रूप से यूरिनल टॉयलेट के लिए 21.65 लाख कवर्ड शेड के लिए 75.89 लाख, साइकिल स्टैंड के लिए 7.81 लाख, 200 मैट्रिक टन गोदाम के लिए 12.78 लाख, कवर्ड शेड कैंटीन ऑफिस विभिन्न रिपेयरिंग टॉयलेट कृषक विश्राम ग्रह के लिए 18.71 लाख, लैंडस्कैपिंग कार्य के लिए 14.4 लाख, व्यापारी विश्रम ग्रह के लिए दो करोड़ 27 लाख, व्यापारी 20 दुकानों के लिए 43 लाख, पानी टंकी 50,000 लीटर के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

पुलिस ने तीन वाहनों सहित लगभग 18 लाख की अवैध शराब की जब्त

० पुलिस ने 15 दिन में आबकारी एक्ट के 77 प्रकरणों में 78 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने अवैध शराब तस्करी व बिक्री मामले में विगत 15 दिन में आबकारी एक्ट के तहत 77 प्रकरणों में 78 आरोपियों को गिरफ्तार कर शराब तस्करी में परिवहन में प्रयुक्त 03 नग चारपहिया वाहन एवं 2 मोटर सायकल जुमला कीमत 15,10,000/- रूपये जप्त की है। आरोपियों के कब्जे से 64.120 बल्कलीटर अर्थात 356 पौवा अवैध देशी प्लेन शराब, 273.099 बल्कलीटर अर्थात 1517 पौवा अंग्रेजी शराब जुमला कीमती 2,80,000/- रूपये जप्त की है वहीं आरोपियों के पास से शराब की बिक्री रकम 4000/- रूपये जप्त किया गया है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत् विगत 15 दिनों में शराब तस्करों एवं शराब कोचिया तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीनेवालों के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए - 15 दिन में आबकारी एक्ट के तहत् कुल 77 प्रकरणों में 78 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, इनके कब्जे से शराब तस्करी में परिवहन में प्रयुक्त 03 नग चारपहिया वाहन एवं 02 मोटरसायकल जुमला कीमती 15,10,000/- रूपये जप्त किया गया साथ ही आरोपियों के कब्जे से 64.120 बल्कलीटर अर्थात 356 पौवा अवैध देशी प्लेन शराब, 273.099 बल्कलीटर अर्थात 1517 पौवा अंग्रेजी शराब जुमला कीमती 2,80,000/- रूपये एवं शराब की बिक्री रकम 4000/- रूपये जप्त किया गया। इस प्रकार राजनांदगांव पुलिस द्वारा जिलेभर में अभियान चलाकर 15 दिनों में अवैध शराब मामले में 78 आरोपियों के कब्जे से वाहन और शराब मिलाकर जुमला कीमती 17,90,360/- रूपये जप्त किया गया। जिसमें राजनांदगांव पुलिस को 02 अंतरर्राजीय शराब तस्कर को पकड़ने में भी सफलता हासिल हुआ। बताया गया कि यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

अनमोल दावा

> दुख भोगने वाला आगे चलकर सुखी हो सकता है, मगर दुख देने वाला कभी सुखी नहीं हो सकता।

फिर बढ़े आतंक के पांव, दहशतगर्दी के एक के बाद एक हमलों ने बढ़ाई सरकार और अवाम की चिंता

आतंकी अब जम्मू में लक्षित हमलों को भी अंजाम दे रहे हैं। पिछले माह रियासी जिले में एक बस पर आतंकी हमले में नौ तीर्थयात्रियों के मारे जाने की घटना इनमें से एक है। आतंकवादी अब कश्मीर के साथ-साथ फिर से जम्मू क्षेत्र को अपना ठिकाना बनाने लगे हैं। पिछले करीब डेढ़ दशक के दौरान सुरक्षा बलों के आतंकवाद के खिलाफ विशेष अभियान के बाद जम्मू क्षेत्र अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा। आतंकी खतरे के लिहाज से जम्मू को काफी हद तक सुरक्षित माना जाने लगा था। मगर पिछले दो-तीन माह से इस क्षेत्र में आतंकवादी हमले बढ़ने लगे हैं। डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन सहित चार जवानों की शहादत इसी का उदाहरण है। इस इलाके में पिछले तीन सप्ताह के भीतर सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की यह तीसरी बड़ी घटना है। आतंकी अब जम्मू में लक्षित हमलों को भी अंजाम दे रहे हैं। पिछले माह रियासी जिले में एक बस पर आतंकी हमले में नौ तीर्थयात्रियों के मारे जाने की घटना इनमें से एक है।

जम्मू क्षेत्र में बढ़ती आतंकी घटनाएं सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस आतंकी सक्रियता के पीछे सीमा पार बैठे आतंकी सरगनाओं की सोची-समझी चाल है। वे किसी भी सूरत में जम्मू-कश्मीर में स्थायी तौर पर अमन-चैन बहाल नहीं होने देना चाहते। डोडा जिले में मुठभेड़ की यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकी हमले के कुछ ही दिन बाद हुई है, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। गौरतलब है कि हाल में ज्यादातर मुठभेड़ की घटनाएं सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान हुई हैं। यानी सुरक्षा बलों को क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना तो मिल जाती है, लेकिन वे किस तरह के हथियारों से लैस हैं और उनकी रणनीति क्या है, इसकी स्टीक जानकारी नहीं मिल पाती है। खुफिया जानकारियों में यह बात सामने आई है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी खुद को सुरक्षा एजंसियों की नजर से बचाने के लिए अब च्संरक्षण और समेकनज् की रणनीति अपना रहे हैं। यानी आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ करने के बाद शुरुआत में चुप रहते हैं और स्थानीय आबादी के साथ घुलमिल जाते हैं। जैसे ही उन्हें सीमा पार से निर्देश मिलता है, वे हमले को अंजाम देने में जुट जाते हैं। उत्तरी कश्मीर और जम्मू क्षेत्र में हाल में आतंकियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले इसका ताजा उदाहरण हैं। आम लोगों के बीच छिपे हुए आतंकवाद के इस खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को जल्द ठोस और कारगर रणनीति बनानी होगी। तकनीकी खुफिया जानकारी के साथ-साथ जमीनी स्तर पर च्मानव खुफियाज् नेटवर्क भी मजबूत करने की जरूरत है।खुफिया जानकारियों में यह बात भी सामने आई है कि आतंकवादी सीमा पार से संपर्क के लिए च्अल्ट्रा सेटज् फोन जैसे एन्क्रिप्टेड संचार उपकरणों का उपयोग करने लगे हैं, जिससे उनके ठिकाने और रणनीति की सटीक जानकारी हासिल कर पाना मुश्किल हो जाता है। इस तरह की तकनीकी चुनौती से पार पाने के लिए भी सुरक्षा एजंसियों को गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक का कहना है कि आतंकवादी पंजाब से लगती पाकिस्तान की सीमा से भी घुसपैठ कर जम्मू पहुंच रहे हैं। इसलिए इस इलाके में फिर से आतंकी वारदात बढ़ने लगी हैं। अगर ऐसा है तो सुरक्षा बलों के साथ-साथ पंजाब और जम्मू-कश्मीर प्रशासन को सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए साझा रणनीति बनाने की जरूरत है, ताकि आतंकियों के तंत्र को नेस्तनाबूद किया जा सके।

बैलगाड़ी का मजा रेलगाड़ी में कहां-कविता वासनिक

लोकगायिका कविता वासनिक के साथ विजय मिश्रा की भेंटवार्ता

विजय मिश्रा 'अमित'

''कमजोर रास्ते खोजते हैं समर्थ नए बना जाते है.'' इस आदर्श वाक्य को अपने जीवन का मूल मंत्र मानने वाली छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका श्रीमती कविता वासनिक आज लोकगीतों के लिए संजीवनी बन गई है।यह सर्वविदित है कि आदिवासी बाहुल्य राज्य छत्तीसगढ़ लोक कलाओं का भी गढ़ है। यहां के लोकगीतों को गांव के चौपाल से निकालकर विश्व के कपाल पर महिमामंडित करने के लिए सृष्टि के रचयिता ने और संगीत की देवी ने बालपन से ही कविता को यह दायित्व सौंप दिया था। तभी तो मात्र नववर्ष की अल्पायु से ही कविता नेआग में तपकर निकले कंचन की तरह नीकअपने कोकिल कंठ से लोकगीतों को नई ऊंचाइयां दी। बचपन से निर्धनता का दंश झेलते अभाव की चुनौतियां को आत्मनिर्भरता की कुंजी मानते आपने अपना जीवन लोकगीत-संगीत को समर्पित किया और लोक कला जगत में शीर्षता को अर्जित करने में कामयाब रही।

ननकी चिरैया का रोना भी था सुर में

कविता वासनिक का पारिवारिक माहौल पूरी तरह से निर्धनता के मानचित्र को उजागर करता है, पर इनके कंठ में विराजमान संगीत की देवी सरस्वती इन्हें संगीत विद्या की खान सिद्ध करने की जिद्द में थी। यही वजह है कि भरका पारा राजनांदगांव के एक गरीब परिवार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्व. रामदास हिरकने जी के घर में 18 जुलाई 1982 को जन्मी दुबली- पतली, संकोची स्वभाव की बच्ची को देख कर कोई भी नहीं सोच सकता था, कि एक दिन यही ननकी चिरैया छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की कोकिला बन जाएगी। नन्ही कविता का रोना भी सुर में था, जिसे इनके संगीत प्रेमी पिता ने परख लिया।वे अपनी ननकी चिरैया के प्रथम संगीत गुरु बने। लोक संगीत की लहरों में उतरना चढ़ना तो कविता के रोम रोम में समाया हुआ था। जिसे तरासने का कार्य पूज्य गूरू स्व.खुमान लाल साव जी ने किया। सुप्रसिद्ध बैंजो वादक श्री गिरजा सिन्हा, बांसुरी वादक संतोष टांक, गायक -अभिनेता भैया लाल हेड़ाऊ सहित गुरुजनों के आशीर्वाद से पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते भी आप लोकसंगीत पथ पर लगातार बढ़ती रही।जीवन यात्रा में आपको लोकसंगीत के ज्ञाता जीवन साथी विवेक वासनिक का मिलना एक मणिकांचन संयोग रहा। यही वजह है आपका निवास लोकसंगीत और लोक कलाकारों के संरक्षण का केंद्र बना हुआ है।

चल चल मेरे हाथी की धूम

नन्ही कविता बालपन में चल चल मेरे हाथी ओ मेरे साथी को बड़ी मस्ती में मधुर आवाज से गाती थी। सुनने वाले वाह-वाह कर उठते थे। इसी गीत से संगीत के पारखियों ने कविता की प्रकृति प्रदत्त गायकी गुण को परखा और फिर कविता संगीत की दुनिया में आगे बढ़ती चली गई।

छत्तीसगढ़ी गीतों को प्राथमिकता

कविता की गायकी की धूम छत्तीसगढ़ के बड़े सांस्कृतिक मंच जैसे चंदैनी गोंदा, सोनहा बिहान, नवा बिहान, लोकोत्सव, लोरिक चंदा, लोकनाट्य कारी, अनुराग धारा में मच गई। दूरदर्शन, आकाशवाणी और छत्तीसगढ़ के गांव-गांव सहित देश के विभिन्न प्रदेशों, राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय मंचों में कविता के गाए गीतों ने छत्तीसगढ़ को नई पहचान दी। आपकी एक खासियत है आप छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के साथ साथ मराठी गीत और नए पुराने फिल्मी गीत को भी दमखम से गाने का माद्दा रखती है, लेकिन आपने सदैव छत्तीसगढ़ी लोकगीतों को अपनी प्राथमिकता में रखा। आपके साथ 1984 से जुड़ने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ। मुझे याद है प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के एम सेठ जी के जन्मदिवस पर गवर्नर हाउस में अनुराग धारा कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह अपनी धर्मपत्नी वीणा जी के साथ कलाकारों को बधाई देने आए। तब उन्होंने बताया कि विवाह उपरांत वीणा जी से छत्तीसगढ़ के बारे में क्या जानती हो पूछने पर वीणा जी ने कहा था कि कविता वासनिक का गाना पता ले जा रे पता दे जा रे गाड़ीवाला को मैं जानती हूं। वह पल हम सबको रोमांचित कर गया था।

कविता जी के गीत शिखर पर

कविता जी का गाया हुआ गीत ''पता ले जा रे ,पता दे जा रे गाड़ी वाला'' छत्तीसगढ़ की आत्मा से साक्षात्कार करा देता है। यह वह सिरमौर गीत है जो कि बी.बी.सी. लंदन से भी प्रसारित हुआ था। छत्तीसगढ़ के प्रथम दूरदर्शन केंद्र रायपुर के उद्घाटन समारोह में भी इस गीत को बजने का गौरव प्राप्त है।वर्ष1982 में म्यूजिक इंडिया कंपनी ने आपकी गुड़ सी मीठी आवाज में सधे अनेक छत्तीसगढ़ी गीतों को एल पी रिकॉर्ड में पिरोया था। तब छत्तीसगढ़ी गीतों को पहली बार ई पी के माध्यम से प्रसारित किया गया।वे गीत आज भी जनमन के दिलों में राज करते हैं।आगे 1997-98 में टी सीरीज जैसी प्रतिष्ठित कम्पनी ने आपकी आवाज़ में छत्तीसगढ़ भजनों की अपूर्व श्रृंखला ''धरोहर'' को प्रस्तुत किया। वर्ष 2013 में सुप्रसिद्ध गीतकार लक्ष्मण मस्तुरिहा द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का कुलगीत आपके स्वर में सजकर प्रसारित हुआ।

विविध पुरस्कारों से अलंकृत

लोकगीत के सफर में आपको अनेक अखिल भारतीय मंचों पर पुरस्कृत होने का गौरव भी प्राप्त है। संगीत व लोक संस्कृति के क्षेत्र मे आपके योगदान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने लोक कला एवं शिल्प के लिए दिए जाने वाले सर्वोच्च अलंकरण ''दाऊ मंदराजी सम्मान 2017'' से आपको विभूषित किया। 5 सितंबर 2017 को आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण समारोह रायपुर में भारत के राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद एवं राज्यपाल बलराम दास टंडन के हाथों आप सम्मानित हुई। वर्ष 2002-03 में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा दाऊ महासिंग चंद्राकर सम्मान से आप विभूषित हुई। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला मुंबई एवं दिल्ली में तथा अंतर्राष्ट्रीय शिल्प कला मेला सूरजकुंड हरियाणा, कुंभ मेला उज्जैन में भी छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधि गायिका सम्मान से आप अलंकृत हुई। 2006 में नागपुर महाराष्ट्र में तथा जमशेदपुर टाटानगर झारखंड में भी आप सम्मानित हुई । आगे वर्ष 2003-04 में बहुरंग फिल्म फेयर अवार्ड एवं संगीत शिखर सम्मेलन जांजगीर में लता श्री अवार्ड, बैरिस्टर छेदीलाल अवार्ड, जबलपुर में संगीत शिल्पी जैसे अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से आपको अलंकृत होने का गौरव प्राप्त है।वर्ष 2015में प्रादेशिक चैनल आई बी सी 24 द्वारा आपको ''स्वयं सिद्धा'' सम्मान दिया गया।

लोकसंगीत में विकृति को न दें स्वीकृति

आधुनिकता की आड़ में छत्तीसगढ़ी लोकगीत-संगीत की बिगड़ती दशा- दिशा के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए वे कहती हैं--साधन तो आज बहुत बढ़ गए हैं किंतु साधना कम हो गई है। स्तुति तो बहुत हो रही है परआराधना घट गई है। संगीत जगत में आने वाली नई पीढ़ी ऊर्जा से लबरेज है ,पर कठोर अभ्यास के मामले में कमतर लगती है। इस घातक प्रवृत्ति को त्याग दें तो नई पीढ़ी छत्तीसगढ़ी लोक गीतों को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है।

पांच दशक से भी अधिक समय बीत गया लोकगीत गाते हुए।कभी इससे उबाउपन आया क्या?कभी इससे हटकर कुछ और गाने की इच्छा तो जागी होगी? जैसे सवाल का जवाब देते हुए वे कहती हैं--मां से बच्चा कभी बिलग नहीं सकता।ऐसा ही अटूट रिश्ता लोकगीतों के साथ मेरा है। इनसे मै कभी उब नहीं सकती।आपका आशय अगर फिल्मों में गायन की ओर है तो मैं बता दूं कि मैंने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के लिए भी गायन किया है। मेरा अनुभव कहता है कि लोकमंच का मजा फिल्म नहीं दे सकते।ठहाका लगाते हुए आगे वे बोलीं ''बैलगाड़ी का मजा रेलगाड़ी में कहां''।

कामयाबी का पथ है कंटीला

छत्तीसगढ़ की लता के नाम से मशहूर कविता जी भारतीय स्टेट बैंक राजनांदगांव में प्रबंधक के पद पर सेवारत हैं। अपने जीवन में मिली सफलताओं के लिए ईश्वर सहित बड़ों के आशीर्वाद को वे श्रेय देती हैं। वे कहती हैं कामयाबी के पथ कभी आसान नहीं होते हैं। पत्थरों से टकराते हुए ही नदी की लहरों से कल कल की मधुर ध्वनि की उत्पत्ति होती है। इसी तरह कामयाबी की कहानी कांटो भरे पथ पर गुजर कर ही लिखी जा सकती है। अपने जीवन की अभिलाषा को व्यक्त करते हुए वे कहतीं हैं कि जीवन के अंतिम क्षण तक स्वयं को लोक संस्कृति के लिए समर्पित रखना मेरा संकल्प है। मेरी यही चाहत है- लोकधुन गीत-संगीत के साथ रात को ढलते देखूं, अपनी इन आंखों से सूरज को निकलते देखूं।

अग्रोहा कालोनी, सुंदर नगर
रायपुर(छ.ग.)492013 मो.9893123310

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 207 : श्री राम और सीता जी कुश के आसन पर करेंगे रात्रि में भू-शयन

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

महर्षि वशिष्ठ के आश्रम से आए हुए उनके शिष्य पूजन सामग्रियों का प्रबंध कर रहे हैं और यज्ञ वेदी के मंडप को अलंकृत किया जा रहा है। इस विशाल अस्थाई सभागार के पूर्वाभिमुख राजा दशरथ के सिंहासन के ठीक बाईं ओर एक और उच्च आसान रखा गया है। इस पर विराजित श्री राम का प्रातः सूर्य रश्मियों के मध्य अभिषेक का कार्यक्रम आज कुछ ही घंटों के बाद प्रारंभ होगा।

श्री राम और सीता अपने निजकक्ष में पहुंच चुके हैं और उन्होंने भूमि पर कुश की शय्या लगाई। श्री राम ने सीता जी की सहायता की।

श्री राम त्रेता युग समेत सर्वयुगीन सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर। सौम्य, शील, विनम्र, धैर्यवान, अपराजेय और निरहंकारी। उनके मुख पर मुस्कुराहट है। युद्ध भूमि में धनुष संचालन के समय उनके हाथों की गति विस्मित कर देने वाली होती है। आत्मविश्वास से युक्त उनके चेहरे पर वीरता और ओज की भावभंगिमाएं शत्रु का मनोबल तोड़ देती हैं। श्री राम स्वयं में विजय का प्रतीक हैं। अपने निज आवास में श्री राम एक साधारण गृहस्थ की तरह सहज जीवन जीते हैं। जानकी जी उनके लिए एक स्थालिका में फल और चषक में पीने के लिए जल लेकर आती हैं। श्री राम ने केवल जल ग्रहण किया। जानकी जी दूसरे कक्ष में फिर किसी कार्य में निमग्न हो रही हैं। श्री राम शय्या पर आ गए।उन्होंने जानकी जी से कहा, ''अब तुम भी आ जाओ सीते! तुम्हें भी विश्राम की आवश्यकता है।''

''अवश्य आर्यपुत्र! कल प्रातः की तैयारी शेष रह गई थी। अब वह पूर्ण हो गई है।मैं अभी आती हूं।'' सीता जी ने कहा।

अपने भव्य निज कक्ष में कोमल शय्या पर शयन करने के बदले श्री राम और जानकी जी कठोर भूमि पर विश्राम कर रहे हैं। दोनों का जीवन तपस्या से पूर्ण है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -121

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, जनक, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अधिकृत, अधिकार 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 120 का हल



सू- दोकू क्र.121



नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.120 का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5

सामयिक चर्चा

प्याज का भजिया, हलवा से ज्यादा बढ़िया

खबर पढ़कर,
आज बानी बोले- ''गजाधर!
केन्द्रीय बजट पूर्व
वित्त मंत्रालय ने
हलवा से सेरेमनी मनाया।
स्वयं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने
अधिकारियों का मुँह मीठा कराया।
तो गजाधर! इस भरी महंगाई में
मैं भी घर का दुक्खम-सुक्खम बजट
बनाने का प्रयत्न करता हूं,
तो मुन्नू की माँ से कहता हूँ-
वित्तमंत्री के समान
मीठा हलवा न सही, कम से कम
प्याज का भजिया ही बनाएँ।
और इस बरसते पानी में
हम सबको खुशी-खुशी खिलाएँ।
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
ऐसे बरसाती मौसम में मैं तुम्हारे
भजिया प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।
पर भाभी जी से कहता हूँ
''आप तनिक भी चिन्ता न करें।
देखिए! मैं घर से बेसन लाता हूँ।
गृहस्थ गिरधारी को प्याज मंगवाता हूँ।
रामलाल को खबर देता हूँ,
वह अदरक का अचार लेकर आएगा।
इस तरह जन-सहयोग से बने
प्याज का भजिया,
हलवा से कहीं ज्यादा मजा लाएगा।''

गिरीश बख्शी

कविता

आगे संगी महीना अषाढ़

आगे आगे संगी महीना अषाढ़
सबके जिवरा अब जुड़ा जाही ना.
चमचम चमचम, बिजली मारही
छाही करिया बादर
रदरद-रदरद पानी गिरही
भरही डोली डांगर
जाही सुग्घर खेत किसान हा
धरके बइला नांगर
मेड़ पार बइठ, खाही बासी
टोर कमाही जांगर
नंदिया नरवा मा आही संगी बाढ़..
सबके जिवरा अब जुड़ा जाही ना
आगे आगे संगी महिना अषाढ़....
टरर-टरर मेचका करही
झिंगुर सुर लमाही
एती ओती पिटपिटी अउ
ढोढ़िया सुलमुलाही
गाय गरू मन जाही बरदी
बछरून मेछराही
बत्तर कीरा मन, देख बिजुरी
आघू मा झपाही
सुग्घर हरिया जाही जम्मो खेतिखार
सबके जिवरा अब जुड़ा जाही ना
आगे आगे संगी...........
रूख राई सब झुमही नाचही
बादर बाजा बजाही
चिरई चुरगुन मन फुरूर फुरूर
गजबेच मुचमुचाही
कोयली करही कुहू कुहू
बेंदरा धूम मचाही
मरय नहीं कोनो पियासा
सबके सुसी बुताही
प्रकृति करही संगी सोलहो सिंगार
सबके जिवरा अब जुड़ा जाही ना
आगे आगे संगी महीना अषाढ़
सबके जिवरा अब जुड़ा जाही ना.

अमृत दास साहू
ग्राम-कलकसा, डोंगरगढ़
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.-9399725588

राशिफल

मेष

आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। व्यापार में आपको नये सुनहरे अवसर मिलने की संभावना है। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे, जिससे आपकी सेहत फिट एण्ड फाइन रहेगी।

वृषभ

आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा, रोज की अपेक्षा अधिक लाभ होगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं, बेहतर होगा किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है।

मिथुन

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यों को सीखने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बने हुए हैं। आज अपने कार्यों को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी।

कर्क

आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाएं आज घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगी। आज जीवनसाथी से मनपसंद उपहार मिलेगा।

सिंह

आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। छात्रों को अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह किसी अनुभवी की मदद से सॉल्व हो जायेगी।

कन्या

आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आज आपका मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा। आज आप छोटी-छोटी चीज़ों में खुशियां ढूंढने में सफल होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से काफी मजबूत होगी। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

तुला

आज आपके मन में नएङ्कनए विचार आएंगे। आज आपका मन नये कार्यों को सीखने के लिए उत्साहित रहेगा। आज आप आपने बनाए प्लान में थोड़ा बहुत बदलाव करेंगे, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। आज प्रमोशन होने के चांस बन रहे हैं।

वृश्चिक

आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़ेङ्कबुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। अचानक धन लाभ का योग बन रहा है। आज आपका झुकाव समाजसेवा की तरफ रहेगा। जरूरतमंद लोगों की मदद भी करेंगे।

धनु

आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज लोगों के बीच आपका मानङ्कसम्मान बढ़ेगा। छात्रों को किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है।

मकर

आज कार्यस्थल पर अधिकारी आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आज आपका दिन अच्छा रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। लोग आपके कला की तारीफ करेंगे।

कुंभ

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी बात किसी बचपन के दोस्त से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से सलाह लेना कारगर साबित होगा।

मीन

आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहेगा। आज जिस भी कार्य को शुरू करेंगे उसमें आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। संतान के करियर को लेकर आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान कुछ दिन के लिए टालना पड़ सकता है।

प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने ली जिला कार्यसमिति की बैठक

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार विस्तृत जिला कार्यसमिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय खैरागढ़ में सम्पन्न हुई।। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती उपस्थित रहे, कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ततपश्चात जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी व सदस्यो द्वारा वन्दे मातरम गीत गाकर विधिवत बैठक की शुरुआत हुई,उक्त बैठक में उद्घाटन भाषण व प्रतिवेदन देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि आज नवीन जिला केसीजी में जिला भाजपा कार्यसमिति की तीसरी बैठक रखा गया है।। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज यह बैठक आयोजित किया गया है।। आज इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षो के कार्यकाल के बधाई प्रस्तावना रखा जाएगा। साथ ही राष्ट्रपति के अभिभाषण का प्रस्तावना भी आज किया जाएगा। घम्मन साहू ने आगे कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत की बदौलत लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल किया है। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार 21 जून को योग दिवस मनाया गया, 25 जून को काला दिवस मनाया गया, 30 जून को सभी बूथों में मन की बात कार्यक्रम को सभी ने सुना है। इसी प्रकार 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। साथ ही 21 जुलाई से 25 जुलाई के बीच मण्डल स्तर के बैठक होना है। उल्लेखनीय है कि बैठक में भाजपा के सदस्यों के परिजन जो विगत 2 माह में स्वर्गवासी हुए है, मंडलवार उनके नाम का वाचन किया गया तथा शोक प्रस्ताव रामाधार रजक ने रखा व 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के मुख्य बिंदु का वाचन जिला भाजपा संयोजक टीके चन्देल ने किया। जिसमे उन्होंने भारत सरकार के द्वारा किये जा रहे कार्यो को विस्तृत रूप से बताया व प्रस्तावना रखा। जिसका समर्थन शशांक ताम्रकार ने किया। इसी क्रम में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई संदेश का प्रस्ताव प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने रखते हुए, कहा कि जिला कार्यसमिति की बैठक हो या मण्डल भाजपा की बैठक हो उसमे हमे अनेक जानकारियां मिलती है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 140 करोड़ लोगों का दिल जीतकर नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री तीसरी बार बने है। । नरेंद्र मोदी के 10 साल की उपलब्धि बहुत बड़ी उपलब्धि है।।जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर शौचालय निर्माण कराया। 10 साल पहले शौच के लिए बाहर जाते थे लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण कराया गया है। इसी तरह 10 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना व पेयजल हेतु जल जीवन मिशन के तहत हर घर मे पानी पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। वही 10 करोड़ से ज्यादा लोगो को आयुष्मान

विस्तृत जिला कार्यसमिति बैठक
हार्दिक स्वागत व अभिनंदन...

कार्ड का लाभ मिला है।। भारत में 'एक देश एक टैक्स' को भी लागू किया गया है।।कोरोनाकाल के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार काम किया है और देश मे मुफ्त चावल देकर 80 करोड़ लोगों को सहायता दिलाया है। इसी प्रकार धारा 370 को हटाया है, इसी तरह देश में विकास का परिवर्तन चल रहा है,जिसमे हमारा सौभाग्य है,कि देश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। इस प्रस्तावना का समर्थन अनिल अग्रवाल ने किया। इसी क्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने छत्तीसगढ़ के राजनीति प्रस्तावना का वाचन किया जिसमे उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 11 सीट में 10 सीट हासिल किया है।

अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का काम किया है। भाजपा शासनकाल में बिजली, सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं को जनता तक ले जाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। राज्य में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास व 3100 रुपये में धान खरीदी करने का काम भाजपा ने किया है।। इसी तरह 70 लाख महिलाओ को हर महीने 1 हजार रुपये प्रतिमाह देने का काम भाजपा सरकार कर रही है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में झूठा प्रचार करने का काम किया है। इस राजनीति प्रस्ताव का समर्थन खम्हन ताम्रकार ने किया। इसी क्रम में विधानसभा प्रभारी मूलचंद लोधी ने मंडलवार पार्टी के कार्यो की समीक्षा की तत्पश्चात जिला भाजपा प्रभारी राकेश यादव ने लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई देते हुए,कहा कि 20 से 25 जुलाई के बीच हर मण्डल की बैठक होना है। जिसमे 'एक पेड़ में माँ के नाम' कार्यक्रम करना है। 28 जुलाई को मन की बात कार्यक्रम में जिले के कार्यसमिति सदस्य एक बूथ में जाकर मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित होना है साथ ही पार्टी द्वारा निर्धारित 3 महीने के कार्यक्रम को बताते हुए 29 सितम्बर को मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित होने की बात कही। इसी क्रम में कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि केंद्र में 10 साल बेमिसाल कार्य हुआ है वही पिछले 5 साल छत्तीसगढ़ में सिर्फ भ्रस्टाचार हुआ है। लेकिन जनता ने कांग्रेस की सरकार को बाहर कर दिया व छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं के दम पर बनी है।। जिसमे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास कार्य चल रहा है। कांग्रेस के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने सिर्फ कांग्रेसियो का काम किया है वही आमजनता का कोई काम नही किया है। लेकिन अब भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इस दौरान जिला भाजपा संयोजक टीके चन्देल, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चन्द्राकर, महामंत्री रामाधार रजक, पूरण वर्मा, हरप्रसाद वर्मा, जीवनदास रात्रे, राकेश ताम्रकार, विकेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, खम्हन ताम्रकार, निजाम मंडावी, केशव चन्देल, आयश सिंह बोंनी, विनय देवांगन, ज्ञानदास बंजारे, कीर्ति वर्मा, प्रीति यादव, आलोक श्रीवास, नरेंद्र श्रीवास, नेतराम जंघेल, पारस ठाकरे, राजेश मेहता, नरोत्तम सिन्हा, अग्रहीत नेताम, गोरेलाल वर्मा, ललित सोनी, सूर्यदमन सिंह, चेतन वर्मा, उमा सिन्हा, अवध वर्मा, जैनेन्द्र जंघेल, ज्ञानदास रात्रे, दीनदयाल सिन्हा, डोरेलाल साहू, परमानंद साहू, नवनीत जैन, अनूप वर्मा, रेवाराम वर्मा, अरविंद शर्मा, रामसुख साहू, रूपेंद्र रजक, कृष्णा वर्मा, शशांक ताम्रकार, रामेश्वर रामटेके, जीवन देवांगन, राजू सिंह, पारख कोसरे, पुकराम सिन्हा, आकेश बर्मन, नंद चन्द्राकर, महावीर जैन, गिरवर पटेल, ईश्वर निषाद, विष्णु साहू, गीता तांडेकर, आनंद पटेल, सन्तन साहू, रामकुमार जोशी, भुवन वर्मा, रेखचन्द वर्मा, जयप्रकाश वर्मा सहित भाजपाई उपस्थित थे।

पहला कॉलम...

पुलिस स्टॉफ ने डोंगरगांव थाने परिसर में पौधारोपण किया

डोंगरगांव (दावा)। हमर हरियर डोंगरगांव पेड़ पौधे लगाओ अभियान के अंतर्गत थाने परिसर के चारों ओर पौधरोपण किया गया. डोंगरगांव नगर सहित पूरे विकासखंड को हरा-भरा रखने प्रारंभ की गई इस योजना में सभी शासकीय विभागों सहित स्थानीय नागरिक व व्यापारीगण भी काफी रूचि ले रहे हैं. इसी क्रम में डोंगरगांव थाना परिसर में 17 जुलाई को पुलिस स्टाप द्वारा वृहद वृक्षारोपण कर सराहनीय योगदान दिया गया. इस दौरान सागौन बरगद, पीपल, गुलमोहर, आम, करौंदा, करंज आदि पौधे का रोपण किया गया. पुलिस स्टॉफ द्वारा इस पौधारोपण के साथ ही साथ उनकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी ली गई है. वृक्षारोपण कार्यक्रम में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह, एस.आई. दिनेश कुमार धृतलहरे, भानूप्रताप यादव, लाभाराम ध्रुव, ए.एस.आई विजय साहू, देवकुमार रावटे, ईश्वर यादव, रविशंकर पैकरा, आरक्षक भूपेंद्र कोचे, प्रकाश चंद्रवंशी, बद्री दिनकर, कल्पना, संदीप देशमुख, आशाराम ध्रुव, नंदकुमार मंडावी, ओमकार कुर्रे, जीतेश साहू, चंद्रपाल कौशल, सुधाकर, राकेश साहू, गुलशन कंवर, महंत सिंह, वीरेंद्र मंडावी, अभिलाषा, राजकुमारी, भूमिका यादव आदि शामिल हुए.

पेयजल समस्या समाधान हेतु ग्रामीणों ने की पूर्व विधायक छन्नी साहू से मांग

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आतरगांव के ग्रामीण कई दिनों से पेयजल समस्या से परेशान थे, कई बार अधिकारियों को इस समस्या के समाधान के लिए अवगत कराया गया, जिसका समुचित समाधान नहीं हो सका। अंततः ग्रामीणों ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू को इस समस्या से अवगत कराया व जल्द ही निराकरण का अनुरोध किया। जिसके पश्चात छन्नी साहू ग्राम में पहुंची व उनके मध्य ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से ग्राम में स्थित पेयजल समस्या से को हल करने के लिए कॉल से बात की जिसके बाद विभाग के जिलाधिकारी ने एसडीओ को ग्राम में भेजकर निरीक्षण करने के निर्देश दिया। जिसके पश्चात गांव में जल्द ही नए बोर खनन करने की सहमति दी।

सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी विषय के शिक्षकों की हो पदोन्नति

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग व्दारा सहायक शिक्षकों को प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति के लिए 160 शिक्षकों की सूची जारी की गई है. इसके लिए जिले स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा काऊंसिलिंग किया जाना है. बता दें कि जिले में स्थित सभी ब्लॉकों में अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसमें शिक्षकों की कमी लगातार बनी हुई है. शासन के इस पदोन्नति से शालाओं में शिक्षकों की कमी खत्म होने की उम्मीद की जा रही है. पालकों को उम्मीद है कि इन शालाओं प्रधानपाठकों की पदोन्नति काऊंसलिंग में अंग्रेजी विषय में बी.ए. या एम.ए. पूर्ण किये सहायक शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिससे इन अंग्रेजी माध्यम के शालाओं में पढ़ रहे बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आयेगा.

पटेल दम्पत्ति द्वारा देहदान की घोषणा

दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक रति भाई पटेल ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती साधना पटेल ने अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया मंगल अग्रवाल रितेश जैन विकास जायसवाल को अपनी बिटिया और पारिवारिक मित्र गिरीश भाई की उपस्थिति में सौंपी एवं देहदान की घोषणा कर रति भाई पटेल ने अपना जन्म दिवस को यादगार बनाया रति भाई पटेल के पुत्र अभिषेक व पुत्री शीतल ने अपने माता पिता के देहदान हेतु सहमति दी श्री रति भाई पटेल ने कहा आज उनकी वर्षों पुरानी इच्छा पूर्ण हुई और आज अपनी पत्नी सहित देहदान की घोषणा कर उन्हें संतुष्टि हो रही हैं कि अब उनके जाने के बाद उनकी व उनकी पत्नी की आँखों से चार लोगों को नई रौशनी मिलेगी व भविष्य के डॉक्टरों को रिसर्च हेतु मृत देह- केडेवर मिले तो हम पति पत्नी का जीवन सार्थक होगा। रितेश जैन ने कहा पटेल दम्पति के देहदान का निर्णय समाज के लिए प्रेरणा बनेगा एवं लोग देहदान हेतु जागरूक होंगे, नवदृष्टि फाउंडेशन के पियूष मालवीय ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है।

अमरनाथ यात्रा : 18 दिनों में 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

जम्मू (आरएनएस)। अमरनाथ यात्रा जारी है और श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर उत्साह भी बरकरार है। जानकारी के अनुसार, यात्रा के शुरू होने के बाद से अब तक 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। वार्षिक यात्रा का प्रबंधन करने वाले श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि 29 जून को यात्रा शुरू होने के बाद से पिछले 18 दिनों में 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा मंदिर के अंदर दर्शन किए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 3,740 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। उन्होंने कहा, आज सुबह 3,740 यात्रियों को लेकर बसें जम्मू के भगवती नगर से घाटी के लिए रवाना हुई है। इस काफिले में सुरक्षा के मद्देनजर दो टीमें भी साथ हैं। इनमें से पहला सुरक्षा काफिला 55 वाहनों में 1,435 यात्रियों को लेकर सुबह 3:05 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

उन्होंने बताया कि 72 वाहनों में 2,305 यात्रियों को लेकर दूसरा काफिला सुबह 3.55 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ है। इस साल की यात्रा शुरू होने के बाद पहली बार अधिकारी बीमार यात्रियों के इलाज के लिए एक अनूठी टट्टू एंबुलेंस सेवा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

दरअसल, इस एंबुलेंस सेवा का बालटाल और पहलगाम यात्रा मार्गों पर यात्रियों को ऊंचाई से होने वाली बीमारी या अन्य स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि इस एंबुलेंस सेवा का इस्तेमाल करते हुए स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर और पैरामेडिक्स ने अब तक दोनों यात्रा मार्गों पर 1,200 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया है।

बता दें कि गुफा मंदिर में एक बर्फ की संरचना है, जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि यह बर्फ की संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। यह गुफा कश्मीर में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग या उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं।

पहलगाम-गुफा मंदिर की दूरी 48 किलोमीटर लंबी है और तीर्थयात्रियों को मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच दिन लगते हैं। बालटाल-गुफा मंदिर की दूरी 14 किलोमीटर लंबी है और तीर्थयात्रियों को दर्शन करने व बेस कैंप पर लौटने में एक दिन लगता है। इस साल की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन त्योहारों के साथ संपन्न होगी।

गुरूपूर्णिमा पर पूज्य मौनी बाबा का पूजन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा

राजनांदगांव (दावा)। श्री गणेश हनुमान मंदिर मिथिलाधाम मे आगामी 21 जुलाई को श्री गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पूज्य श्री देवेंद्र शरण ब्रह्मचारी जी महाराज पूज्य मौनी बाबा का पूजन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सीतामढ़ी दरभंगा बिहार बैजनाथ धाम झारखंड पुनौरा धाम सीतामढ़ी वैदेही परिसर कोण नगर कोलकाता तिर्पूर सुंदरी धाम नई दिल्ली एवं संपूर्ण छत्तीसगढ के दल्ली राजहरा बिलासपुर दुर्ग भिलाई रायपुर राजनांदगांव के समस्त भक्तगण उल्लास पूर्ण वातावरण में गुरु पूजन करेंगे।

इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम दिनांक 17 तारीख से 21 जुलाई तक श्री मिथिलाधाम मौनीबाबा आश्रम में अनवरत चलता रहेगा। गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं राम नाम संकीर्तन श्री रामचरित मानस पाठ 17 जुलाई से प्रारंभ होकर 21 जुलाई को समापन होगा। श्री मिथिलाधाम परिवार द्वारा गणेश मंदिर मे सवालाख पार्थिव शिवलिंग की पूजा 18 जुलाई गुरुवार को किया जाएगा। पूज्य गुरूदेव मौनी बाबा का गुरूपूजन महोत्सव दिनांक 21 जुलाई रविवार को मिथिलाधाम गणेश मंदिर मे सम्पन्न होगा। गुरूदेव की कृपा से गुरूपूजन के बाद महाप्रसादी भंडारा का आयोजन भी है।

छात्र युवा मंच संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ गठन

प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल व माधव साहू को मिला प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छात्र युवा मंच संगठन ने 12 जुलाई स्थापना दिवस के अवसर पर नवीन प्रदेश व जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। छात्र युवा मंच संगठन के प्रदेश संयोजक नागेश यदु रक्तवीर के आदेशानुसार व प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन में नगर निगम सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर के पश्चात् संगठन पदाधिकारी व मार्गदर्शन समिति के समक्ष नए प्रदेश पदाधिकारी व जिला पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। मार्गदर्शन समिति समीर गजभिये सर जी को द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान कर किया गया।

राजनांदगांव बनेगा रक्तवीरों का शहर

नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मार्गदर्शन समिति प्रमुख समीर गजभिये सर ने संगठन के सदस्यों व पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए संगठन कि विचारधारा व मानव हित में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए समाज में जिम्मेदार कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति निर्माण की पाठशाला के रूप मे संगठन कि गतिविधियों से अवगत कराते हुए नवीन पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देते हुए नवीन पद की शुभकामनायें प्रेषित किये।

प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिंहा ने नवीन पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए छात्र युवा मंच के प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा, प्रदेश सहसंगठक दीपक देवांगन, प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश सहसंयोजक अंगेश्वर वर्मा, प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल, प्रदेश सहप्रमुख लोकेश बारापात्रे, प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू, राजू साहू, भागवत वर्मा महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित यादव, कृष्णकांत साहू, धर्मेन्द्र साहू, लव साहू, चंद्रशेखर तिवारी, अशोक यादव, सुरेश साहू, प्रदेश सचिव जितेन्द्र साहू, प्रदेश सहसचिव संजय साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष उमेश साहू, प्रदेश मंत्री झुलेन्द्र वर्मा, कोमेन्द्र देवांगन, निखिल नंदे, मनीष साहू, खिलेन्द्र सिन्हा, भीमराज वर्मा, गौतम निषाद, प्रदेश तकनीकी व संचार प्रसार प्रमुख प्रवीण मार्कण्डेय, प्रदेश मीडिया प्रमुख पुरुषोत्तम यदु को नियुक्ति की गई। साथ ही राजनांदगांव जिला, कांकेर, मानपुर-मोहला, चौकी, केसीजी व मुंगेली जिलाध्यक्ष व जिला प्रमुख की घोषणा की गई।

नगरीय निकायों के विकास को लेकर डिप्टी सीएम से मिले जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह

0 डिप्टी सीएम अरुण साव से मिलकर नगरीय निकायों के विकास के लिए राशि की मांग की
0 डिप्टी सीएम ने कहा निकायों के विकास के लिए जल्द होगी राशि जारी

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने राजधानी रायपुर में डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मिलने पहुँचे, जहां केसीजी जिले के नगरपालिका परिषद खैरागढ़, नगर पंचायत छुईखदान व नगर पंचायत गंडई के विकास कार्यो के लिए विस्तृत चर्चा किये। जिसमें नगरीय निकायों के विकास के लिए विक्रांत सिंह ने डिप्टी सीएम से राशि की मांग की, जिस पर डिप्टी सीएम ने आश्वस्त किया, कि जल्द ही केसीजी जिले के नगरीय निकायों में विकास कार्यो के लिए राशि जारी किया जाएगी। मुलाकात के दौरान केसीजी जिले के लोकनिर्माण विभाग व लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यो के बारे में डिप्टी सीएम अरूण साव ने जिपं. उपाध्यक्ष से जानकारी ली व नए जिले में कार्ययोजना सहित नए जिले को सँवारने के लिए मुलाकात के दौरान लम्बी बातचीत भी चली। मुलाकात के दौरान केसीजी जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह (बोनी) भी उपस्थित रहे।

स्कूली विद्यार्थियों का अभियान चलाकर आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाएं - कलेक्टर

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए सांसद द्वारा की गई घोषणा के क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 20 जुलाई को मुख्य सचिव द्वारा एजेंडावार कलेक्टर कान्फ्रेस ली जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारी आवश्यक जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराए। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार स्कूल जतन योजना के तहत जिले में स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए स्वीकृत कार्यों की जांच हेतु जिला एवं विकासखंड स्तरीय जांच टीम गठित करने कहा है। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा की स्कूल शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है, सभी छात्र-छात्राओं का अभियान चलाकर आय,जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाए।

0 जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश,
0 समयसीमा की बैठक संपन्न

कलेक्टर ने जिले में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए नियमानुसार निर्धारित समय में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के कार्य पूर्णता की जानकारी ली तथा जल जीवन मिशन के तहत खोदे गए गढ्ढों को शीघ्र समतलीकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कृषि विभाग से किसान सम्मान निधि की राशि तथा खाद्य बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनचौपाल, मुख्यमंत्री जन शिकायत एवं कलेक्टर समक्ष प्राप्त जनशिकायतों, मांगों एवं समस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, प्रभारी उपसंचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी गणेश वैष्णव सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

सामाजिकगणों को अपमानित करने वाले शिक्षक के खिलाफ पुलिस में शिकायत

डोंगरगढ़(दावा)। प्रशासन को गुमराह करने एवं सामाजिकगणों को अपमानित करने वाले के खिलाफ आदर्श महिला बौद्ध समिति भीम नगर की ओर से थाना डोंगरगढ़ में शिकायत की गई है।

शिकायत में कहा गया है कि, समस्त वार्डवासियों एवं सामाजिकगणों की सहमति से ही समाज द्वारा भवन के निर्माण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। चूंकि शिक्षक नरेन्द्र जंघेल एक शिक्षक होने के बाद भी महार समाज को अपमानित करते रहते है और हमेशा गाली-गलौच कर समाजिकगणों को अपमानित कर रहे है। शिक्षक नरेंद्र जंघेल के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की गई है।

पहला कॉलम...

सिप्ला को 773 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस

नई दिल्ली। दवा कंपनी सिप्ला को आयकर विभाग से 773.44 करोड़ का नोटिस मिला है। यह मांग आकलन वर्ष 2015-16 से 2022-23 के लिए है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया, आयकर प्राधिकरण ने 12 जुलाई, 2024 के आदेश में कर निर्धारण और पुनर्मूल्यांकन के तहत विभिन्न खर्चों की अस्वीकृतियों के कारण अतिरिक्त कर मांग की है। 773.44 करोड़ रुपये की मांग में उक्त किसी भी आकलन वर्ष का कोई रिफंड शामिल नहीं है।

सोना-चांदी फिर चमके

नई दिल्ली। आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के कारण स्थानीय बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 550 रुपये की तेजी के साथ 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को सोना 75,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना तेजी के साथ क्रमशः 75,700 रुपये और 75,350 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। बाजार सूत्रों ने सोने की कीमतों में तेजी आने का श्रेय घरेलू बाजार में स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और फुटकर विक्रेताओं के बीच मांग बढ़ने को दिया। इसके अलावा चांदी भी 400 रुपए उछलकर 94,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। उनके अनुसार ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के कारण सोने और चांदी की कीमतों में तेज सुधार देखा गया।

ओलंपिक में पहली बार खेलेंगे 72 भारतीय प्लेयर्स

नई दिल्ली। खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक 2024 की शुरुआत 26 अगस्त हो रही है। इस पर सारी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना हर खिलाड़ी का सपना होता है। ओलंपिक में हर देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय खेल मंत्रालय ने पेरिस ओलंपिक के लिए 117 प्लेयर्स को मंजूरी दी है। इस बार भारत के मेडल की संख्या दोहरे अंक में पहुंचने की पूरी उम्मीद है। श्स्क्कह के मुताबिक पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की तरफ से लगभग 72 एथलीट ओलंपिक में डेब्यू करेंगे और पहली बार ओलंपिक में उतरने जा रहे हैं। पहली बार ओलंपिक में हिस्सा लेने वालों में दो बार की मुक्केबाजी चैंपियन निकहत जरीन, जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल और रीतिका हुडा, ज्योति याराजी और सनसनीखेज जैवलिन थ्रोअर किशोर कुमार जेना शामिल हैं। किशोर कुमार जेना से भारत को मेडल की उम्मीदें हैं। 14 साल की धिनिधि देसिंघु पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले सबसे कम उम्र की भारतीय प्लेयर होंगी। वह तैराकी के 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाली हैं। वह भारत की तरफ से ओलंपिक के इतिहास में दूसरी सबसे उम्र की प्लेयर हैं। सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक में भाग लेने का रिकॉर्ड आरती साहा के नाम है। उन्होंने साल 1952 में 11 साल की उम्र में भाग लिया था।

21 जुलाई को संसद में हासिल करेंगे विश्वास मत

काठमांडू । नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 21 जुलाई को संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे। पीएम ओली ने बीते सोमवार को चौथी बार इस हिमालयी देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। मीडिया रिपोर्ट में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के मुख्य सचेतक महेश बरतौला के हवाले से बताया गया कि प्रधानमंत्री ओली रविवार को विश्वास मत हासिल करेंगे नेपाल के संविधान के मुताबिक, ओली को जिम्मेदारी संभालने के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि ओली ऐसा आसानी से कर लेंगे, क्योंकि 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सरकार बनाने के लिए न्यूनतम संख्या 138 है। इससे पहले नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। नेपाल में पिछले 16 साल में 14 सरकारें बनी हैं। उन्होंने पुष्प कमल दहल च्प्रचंडज् की जगह ली है, जो पिछले हफ्ते प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल नहीं कर पाए थे।



भारत बनाम श्रीलंका सीरीज का टीम इंडिया का सेलेक्शन टला

नई दिल्ली। भारत बनाम श्रीलंका सीरीज का आगाज 27 जुलाई से होना है, लेकिन अभी तक इसके लिए टीम का ऐलान नहीं किया जा सका है। मंगलवार देर शाम खबर आई थी कि सभी सेलेक्टर्स बुधवार को मीटिंग करेंगे और इसके बाद भारतीय टीम का ऐलान इस सीरीज के लिए कर दिया जाएगा। लेकिन अब पता चला है कि आज भी सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग नहीं हो पाई। इस बीच खबर है कि सीरीज को लेकर कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। खास तौर पर टी20 के नए कप्तान को लेकर भी निर्णय लिया जाना बाकी है।

भारतीय टीम जल्द ही श्रीलंका दौरे पर रवाना होने वाली है। सीरीज में पहले तीन टी20 मुकाबले खेले जाएंगे, इसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी। सीरीज के शुरू होने में अब ज्यादा वक्त नहीं है, लेकिन टीम कौन सी होगी, कप्तान कौन होगा, इसका फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। दरअसल भारत के लिहाज से ये बड़ी सीरीज होनी है। टीम इंडिया ने साल 2024 का टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया है और अब बीसीसीआई की कोशिश है कि साल 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अभी से तैयारी की जाए। ऐसे में अभी से लेकर साल 2026 तक कप्तानी की जिम्मेदारी कौन संभालेगा, इसको लेकर पेंच फंसा हुआ है। पहले हार्दिक पांड्या का नाम चल रहा था, लेकिन इसके बाद अचानक से सूर्यकुमार यादव पिक्चर में आते हैं। पता चला है कि हार्दिक पांड्या इंजरी से जूझते रहते हैं, इसलिए सूर्यकुमार यादव पहली पसंद बनकर उभरे हैं।

इसके साथ ही अगले साल फरवरी से लेकर मार्च तक चैंपियंस ट्रॉफी भी होनी है। इससे पहले टीम इंडिया को केवल 6 वनडे मुकाबले खेलने हैं। अभी श्रीलंका से तीन मुकाबले होंगे, इसके बाद इंग्लैंड से भी इतने ही वनडे मैच होने हैं। यानी तैयारी के लिए वक्त कम है। ऐसे में बीसीसीआई चाहता है कि सभी खिलाड़ी इस सीरीज में खेलें, ताकि तैयार हो सके। पहले रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह के रेस्ट की खबरें सामने आई थीं, लेकिन बाद में पता चला कि रोहित शर्मा की वापसी हो सकती है। यानी इस टीम में भी कुछ बड़े बदलाव देखने के लिए मिल सकते हैं।

रोहित शर्मा खेल सकते हैं श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज

नई दिल्ली। टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे के लिए जल्द ही भारतीय टीम का ऐलान किया जाना है। श्रीलंका में भारतीय क्रिकेट टीम को तीन टी20 इंटरनेशनल और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने वाली है। सीरीज का आगाज 27 जुलाई से होगा। वहीं वनडे सीरीज अगस्त में खेली जाएगी। टी20 इंटरनेशनल से तो रोहित शर्मा पहले ही रिटायरमेंट का ऐलान कर चुके हैं। लेकिन टेस्ट और वनडे वे अभी खेलते रहेंगे। इससे पहले खबर आई थी कि रोहित शर्मा श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज मिस कर सकते हैं, लेकिन अब पता चला है कि उनकी वापसी हो सकती है।

भारत बनाम श्रीलंका सीरीज के लिए जल्द ही भारतीय टीम का ऐलान होना है। इस बीच खबर है कि रोहित शर्मा वनडे सीरीज के लिए खुद को उपलब्ध रख सकते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने और भारत में आने के बाद टीम का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद रोहित शर्मा देश से बाहर चले गए थे। इस बीच क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार अजीत अगरकर की अगुवाई में सेलेक्शन कमेटी की एक बैठक बुधवार को होनी है। इसमें वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से ?रोहित शर्मा भी शामिल हो सकते हैं। अगर वे इस सीरीज में खेलने का फैसला करते हैं तो फिर वे कप्तानी भी करते हुए नजर आएंगे। अभी तक वनडे सीरीज के लिए केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की कप्तानी की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन रोहित की वापसी से कप्तानी को लेकर ज्यादा विचार करने की जरूरत नहीं होगी।

दरअसल अगले साल फरवरी से लेकर मार्च तक चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है।

यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नुकसान

नई दिल्ली। टेस्ट मैचों का आगाज फिर से हो चुका है। लंबे समय बाद आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग में बदलाव किया है। पिछले दिनों इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच का असर इस बार की रैंकिंग पर देखने के लिए मिल रहा है। इस बार जो रैंकिंग जारी की गई है, उसमें भारत के यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को नुकसान होते हुए दिख रहा है, हालांकि टॉप 10 में भारत के कुल 3 खिलाड़ी शामिल हैं।

आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भी बदलाव देखने के लिए मिल रहा है, हालांकि पहले नंबर पर अभी भी केन विलियमसन का कब्जा बरकरार है, लेकिन अब उनकी कुर्सी पर खतरा मंडराते हुए दिख रहा है। केन विलियमसन की रेटिंग 859 की है और वे पहले नंबर पर हैं। वहीं इंग्लैंड के जो रूट की रेटिंग अब 840 हो गई है और वे नंबर दो की कुर्सी पर जमे हुए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम की रेटिंग 768 है और वे तीसरे नंबर पर हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल की भी रेटिंग इतनी ही है, इसलिए वे भी संयुक्त रूप से इसी कुर्सी पर विराजमान हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले कुछ वक्त से कोई टेस्ट नहीं खेला है, इसके बाद भी स्टीव स्मिथ 757 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर बने हुए हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की रेटिंग 751 है और वे अभी भी छठे ही नंबर पर डटे हुए हैं। इस बीच इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने तीन स्थानों की छलांग मारी है। वे 747 की रेटिंग के साथ सीधे नंबर 7 पर पहुंच गए हैं। इसका नुकसान भारत के यशस्वी जायसवाल को हुआ है। वे अब 740 की रेटिंग के साथ नंबर 8 पर पहुंच गए हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। श्रीलंका के दमुथ करुणारत्ने की रेटिंग 739 है ओर वे नंबर नौ पर हैं। वे भी एक स्थान नीचे आ गए हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की रेटिंग 737 की है और वे नंबर दस पर पहुंच गए हैं।

चोट के कारण मेसी अनिश्चित काल के लिए मैदान से बाहर

नई दिल्ली। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी कोपा अमेरिका के फाइनल में चोटिल होकर बाहर चले गए थे। लेकिन अर्जेंटीना ने उनके बिना भी एक रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। खास बात ये है कि मेसी सही से चल भी नहीं पा रहे थे लेकिन इसके बावजूद वो बेंच से उठकर गए और टीम के साथ जीत का जश्न मनाया।

हालांकि, मेसी की चोट को लेकर उनके फैंस काफी परेशान हैं। उनके दाहिने टखने में बहुत अधिक सूजन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय है।

इस बीच मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी ने पुष्टि की है कि उनके कप्तान को दाहिने टखने के लिगामेंट में चोट लगी है। उनकी वापसी की कोई तय तारीख नहीं होगी। लेकिन आने वाले कुछ हफ्तों में इस पर चीजें साफ होंगी।इंटर मियामी के बयान में कहा गया, मेडिकल जांच के बाद, यह निर्धारित किया गया है कि लियोनेल मेसी को दाहिने टखने के लिगामेंट में चोट लगी है। कप्तान की उपलब्धता समय-समय पर किए जाने वाले आकलन और उनकी रिकवरी की प्रगति के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

मियामी के कोच मार्टिनो ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, मेसी की काफी चोट लगी है, उनका टखना मुड़ गया था। इसलिए जांच की आवश्यकता है और रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी होगी। स्थिति की गंभीरता का पता लगाने के लिए परीक्षण किए जाएंगे। हमें काइनेसियोलॉजिस्ट वाल्टर इंसाउराल्ड के माध्यम से सूचित किया जाता है, जो राष्ट्रीय टीम के भी काइनेसियोलॉजिस्ट हैं।

मेस्सी अमेरिका में अपने कार्यकाल के दौरान शानदार फॉर्म में रहे हैं। आठ बार बैलन डीओर विजेता ने 12 एमएलएस मैचों में 12 गोल किए हैं और 13 गोल में मदद की है।

बांग्लादेश सरकार ने बंद किया विश्वविद्यालय और कॉलेज, आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन

ढाका। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। हजारों छात्र सड़कों पर उतरकर आरक्षण खत्म करने की मांग कर रहे हैं। आरक्षण के खिलाफ जारी इस प्रदर्शन ने अब हिंसक रूप ले लिया है।पुलिस के साथ झड़प में 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारी घायल बताए जा रहे हैं।

हालात इतने ज्यादा खराब हो गए हैं कि ढाका सहित बांग्लादेश के अलग-अलग शहरों में स्कूल-कॉलेज और मदरसे बंद करने पड़े हैं। दक्षिण एशियाई राष्ट्र में सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में कोटा को लेकर कई सप्ताह से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं, जिसमें पाकिस्तान से 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार के सदस्यों के लिए 30त्न आरक्षण शामिल है।इस आरक्षण के कारण छात्रों में गुस्सा है। कुल 170 मिलियन लोगों में से लगभग 32 मिलियन युवा बांग्लादेशी काम या शिक्षा से वंचित हैंप्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा चल रही अदालती कार्यवाही का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों की मांगों को पूरा करने से इनकार करने के बाद प्रदर्शन और तेज हो गए है। इस दौरान कोटा का विरोध करने वालों को ÷रजाकार÷ करार दिया। यह शब्द उन लोगों के लिए प्रयोग किया जाता है, जिन्होंने 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना के साथ कथित रूप से सहयोग किया था। इस हफ्ते विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए जब देश भर में हजारों आरक्षण विरोधी प्रदर्शनकारियों की सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी की छात्र शाखा के सदस्यों के साथ झड़प हो गई।

मैदान पर मोहम्मद शमी की हुई वापसी

नई दिल्ली। मोहम्मद शमी ने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में अलग धमाल मचाया था. सिर्फ 7 मैच खेलकर वह टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बने थे. जहां एडम जैम्पा 11 मैचों में 23 विकेट लेकर सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज़ थे, वहीं शमी 7 मैचों में 24 विकेट लेकर सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बने थे.

वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद इंजरी के कारण शमी अब तक दोबारा मैदान पर वापसी नहीं कर सके हैं. हालांकि अब उनकी मैदान पर वापसी हो गई है. शमी इन दिनों नेशनल क्रिकेट अकेडमी में हैं और वहां उन्होंने नेट्स में बॉलिंग करना शुरू कर दिया है.

न्यूजीलैंड में मिली दुनिया की सबसे दुर्लभ व्हेल

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के समुद्र तट पर एक दुर्लभ व्हेल मछली का शव मिला है। वैज्ञानिकों ने इस दुर्लभ व्हेल मछली की जांच की है और बताया कि यह कुदाल-दांतेदार व्हेल है, जिसकी चोंच पांच मीटर लंबी है। इस व्हेल का शव 4 जुलाई को दक्षिणी ओटागो प्रांत में एक नदी के मुहाने के पास से मिला था।

वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के मुताबिक, इस व्हेल का नाम उसके दांतों के नाम पर रखा गया है, यह कुदाल के आकार से मिलती व्हेल है। वैज्ञानिकों ने बताया इस व्हेल की ठीक से पुष्टि करने के लिए डीएनए जांच शुरू की गई है। इस व्हेल मछली की गहराई इतनी ज्यादा है कि इसे कभी भी लोगों ने जिंदा नहीं देखा है।संरक्षण विभाग के तटीय ओटागो संचालन प्रबंधक, गेबे डेविस ने व्हेल मामले में आग` जानकारी दी है। उन्होंने एक बयान में कहा है कि 1800 के दशक के बाद से, दुनिया भर में केवल छह नमूने डॉक्यूमेंट किए गए हैं और इनमें से एक को छोड़कर सभी न्यूजीलैंड से थे।

प्रथम पेज का शेष

विष्णुदेव ने की गृहमंत्री अमित

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने इन क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विशेष अभियान संचालित किया है। इस मुलाकात के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना की और राज्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घटी ...

अवसर बर्बाद कर दिया गया। बंगलादेश और वियतनाम जैसे देश लाभ लेने में कामयाब हो गए। कॉरपोरेट टैक्स में कटौती और पीएलआई जैसी रियायतें मौलिक रूप से मुक्त समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था की भरपाई नहीं कर सकती हैं-जो कि नोटबंदी जैसे मास्टरस्ट्रोक, मित्र पूंजीवाद और रेड राज से त्रस्त है। भारत को नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, बल्कि राजनीतिक अर्थव्यवस्था के लिए एक नए, उदारता से भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत है।

केजरीवाल की जमानत याचिका पर..

अगर ऐसा है, तो हम गर्व से वह देश नहीं हैं। तीन दिन पहले इमरान खान को रिहा कर दिया जाता है, हर कोई इसे अखबार में पढ़ता है और वह एक अन्य मामले में फिर से गिरफ्तार हो जाता है। हमारे देश में ऐसा नहीं हो सकता। सिंघवी ने कोर्ट में कहा कि वो आखिरकार मुख्यमंत्री हैं, आतंकवादी नहीं, मुझे आवेदन की कॉपी तक नहीं मिलती। मेरी विनती है कि उसे हिरासत में रखते हुए ही मेरी जांच कराई जाए। कोई सूचना नहीं दी जाती, आदेश पारित कर दिया जाता है कि ऐसा करो। मेरी बात नहीं सुनी जाती। इसपर हाई कोर्ट ने कहा कि क्या सीबीआई में कोई औपचारिक गिरफ्तारी नहीं हुई? इसपर सिंघवी ने कहा कि हुई है, बाद में हुई है। मैं पूरा घटनाक्रम बताऊंगा। मोहर्रम के दिन दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने मामले को सुना। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने गिरफ्तारी को एडिशनल इंश्योरेंस अरेस्ट कहते हुए कहा कि यह तब है जब मुझे तीन बार इस मामले में राहत मिल चुकी है। दो बार सुप्रीम कोर्ट से और एक बार निचली अदालत से। सिंघवी ने कहा कि सीबीआई अगर जून में आकर ये कहती है कि मैंने सीबीआई की प्राथमिकी के दो साल बाद आपको कभी फोन नहीं किया, जबकि मैं आपको सुप्रीम कोर्ट से रिहा होने के बाद फोन कर रहा हूं। ये मेरी पहली बात है, तारीखों और पूरे मामले को देखें। ये तो सामान्य सी बात है, तारीखें खुद ब खुद बोलती हैं कि उसे जेल में रखने के लिये इंश्योरेंस अरेस्ट जरूरी है। अब कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। 29 जुलाई को सुनवाई होगी।

प्राइवेट नौकरियों में 100 प्रतिशत ...

इसी के साथ ही अगर विवाद के कारण की बात करें तो, जिन नौकरियों में मैनेजर या मैनेजमेंट जैसे पद हैं उनमें से 50 प्रतिशत और गैर-मैनेजमेंट वाली नौकरियों में से 75 प्रतिशत कन्नड़ के लिए आरक्षित होंगी। जबकि ग्रुप सी और ग्रुप डी की 100 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को दी जाएंगी। इसके साथ ही यह भी प्रावधान किया गया है कि राज्य के प्रतिष्ठानों में काम करने वालों के लिए कन्नड़ प्रवीणता परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। इतना ही नहीं, अगर किसी संस्थान का प्रबंधन कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उसे 10 हजार से 25 हजार रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।

तेल टैंकर समुद्र में पलटा, ...

केंद्र ने बताया कि जहाज 'पानी में डूबा हुआ और उल्टा' था। हालांकि, केंद्र ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि जहाज में तेल या तेल उत्पाद समुद्र में लीक हो रहे थे या जहाज पलटने के बाद स्थिर हो गया था। एलएसईजी के शिपिंग डेटा के अनुसार, तेल टैंकर अदन के यमन बंदरगाह की ओर जा रहा था और ओमान के दुकम के पास पलट गया, जो एक औद्योगिक बंदरगाह है और देश के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित है। एक रिपोर्ट के अनुसार, तेल टैंकर 117 मीटर लंबा जहाज है, जिसे 2007 में बनाया गया था।

जल्द शुरू होगी परियोजनाएं..

चंदनपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्ट करेगी। इस परियोजना के माध्यम से देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9000 करोड़ रुपए है।

0 हाथरस भगदड़ पर भोले बाबा का नया बयान...

हमारे वकील डॉ. एपी सिंह और प्रत्यक्षदर्शियों ने हमें जहरीले स्प्रे के बारे में बताया है। यह सच है कि कुछ साजिश है। कुछ लोग सत्य सनातन को बदनाम करने की साजिश में हैं। हमें एसआईटी और न्यायिक आयोग पर भरोसा है और सच्चाई सामने आएगी... अभी, मैं स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने जन्मस्थान कासगंज, बहादुर नगर में हूं। बाबा के साथ इस बार उसके साथ अक्सर मंच पर नजर आने वाली महिला भी दिखी है।

ओलंपिक के लिए 117 खिलाड़ियों का दल भेजेगा भारत, ग्राफिक्स में देखें किस खेल से किसे मिला मौका

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक का आगाज 26 जुलाई को होगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को ओलंपिक के लिए भारतीय दल में सात रिजर्व सहित 117 एथलीटों के शामिल होने की पुष्टि की। भारत को इन एथलीट्स से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। खेल मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, 140 सहायक कर्मचारी और अधिकारी भी आगामी ओलंपिक के लिए भारतीय दल के साथ जाएंगे।

वहीं, गोला फेंक एथलीट आभा खुटाआ का नाम इसमें शामिल नहीं है। विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। पेरिस ओलंपिक में एथलेटिक्स में भारत अपना सबसे बड़ा दल भेजेगा। 29 भारतीय एथलीट इन खेलों में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे जिसमे 11 महिला और 18 पुरुष शामिल हैं। इनके अलावा निशानेबाजी में 21 और हॉकी के 19 खिलाड़ी इन खेलों में हिस्सा लेंगे। टेबल टेनिस में आठ खिलाड़ी प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि बैडमिंटन में सात खिलाड़ी होंगे जिसमे दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शामिल हैं।

इनके अलावा कुश्ती के छह, तीरंदाजी के छह और मुक्केबाजी के छह खिलाड़ी इन खेलों में हिस्सा लेंगे। वहीं, गोल्फ से चार, टेनिस के तीन, तैराकी से दो, सेलिंग के दो और घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन से एक-एकखिलाड़ी इन खेलों में जाएंगे। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने 119 सदस्यों का दल भेजा था और टीम ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे जो ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

कपिल देव ने दी ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने बुधवार को पेरिस में ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय एथलीटों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे इस महाकुंभ में निडर होकर अपना प्रदर्शन करने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पदक तालिका में दोहरे अंक तक पहुंचेगा। 26 जुलाई से शुरू हो रहे आगामी टूर्नामेंट के लिए भारत ने 117 एथलीटों का दल भेजा है। देश को इनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

भारतीय खिलाड़ियों को कपिल देव ने दी खास सलाह कपिल देव ने ट्रिनिटी गोल्फ चैम्पियंस लीग (टीजीसीएल) के दूसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह में कहा, मैं वास्तव में किसी के लिए कुछ नहीं कह सकता, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम इस साल अधिक पदक जीतेंगे और यह महत्वपूर्ण है। सभी (भारतीय एथलीटों) को मेरी सलाह यही होगी कि वे आगे आएं और अपने आपको साबित करें। मैं उम्मीद करता हूं कि अगर हमें विश्वास है कि यह (दोहरे अंक में पदक जीतना) होगा तो ऐसा क्यों नहीं होगा।

बीए स्टूडेंट्स करेंगे एआई की पढ़ाई, इसी सत्र से एडमिशन

दुर्ग (दावा)। जिले में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में नई शिक्षा नीति लागू हो चुकी है। अब दुर्ग संभाग के शासकीय और निजी महाविद्यालयों में इस बार सबसे खास बात यह होगी कि अब स्नातक में भी सेमेस्टर परीक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को पसंद के विषयों का चुनाव करने की आजादी होगी।

अब बीए के छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई भी कर सकेंगे। इस साल से स्नातक में भी सेमेस्टर परीक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को पसंद के विषयों का चुनाव करने की आजादी होगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने सब्जेक्ट्स पूल जारी कर दिया है। वैल्यू एडेड विषयों से लेकर जेनरिक इलेक्टिव तक के विषयों की सूची घोषित कर दी गई है। इस साल से विद्यार्थी वैल्यू एडेड विषयों में सोशल मीडिया मार्केटिंग और स्टॉक मार्केट जैसे विषय भी पढ़ सकेंगे। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मिली जानकारी के मुताबिक इस साल से छात्रों को बस्तर आर्ट और पब्लिक हाइजीन जैसे विषयों की शिक्षा लेने का मौका भी मिलेगा। शिक्षा विभाग से जारी विषय पूल में कला से लेकर गृह विज्ञान तक वैल्यू एडेड और इलेक्टिव के विषय अलग-अलग जारी किए हैं। अब कॉलेज अपनी व्यवस्था के अनुसार इन सब्जेक्ट्स पूल में विषयों का चयन कर विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे।

नई शिक्षा नीति के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय को भी किया गया शामिल

यह होंगे वैल्यू एडिशन कोर्स

सोशल मीडिया मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालिसिस, हर्बल प्लांट एंड ह्यूमन हेल्थ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, केमिस्ट्री इन डेली लाइफ, कॉन्सेप्ट ऑफ बिजनेस, स्टॉक मार्केट, कत्थक डांस, बस्तर आर्ट, इमोशनल इंटेलिजेंस, डिजास्टर मैनेजमेंट, आर्ट ऑफ बीइंग हैपी, स्ट्रेस मैनेजमेंट, केयर ऑफ एल्डर, लाइब्रेरी इंफार्मेशन, यूजिक, स्पोर्ट्स एंड हेल्थ लाइफ, पब्लिक हेल्थ हाइजीन और संभाषण कौशल जैसे कोर्स इस बार शामिल किए जा रहे हैं।

संभाग के 161 कॉलेजों में लागू हुई नई शिक्षा नीति

हेमचंद यादव विवि से संबद्ध 161 कॉलेजों में नई शिक्षा नीति लागू हो चुकी है। अब यहां पढ़ने और पढ़ाने का पैटर्न पूरी तरह से बदल जाएगा। पहले जहां पर्यावरण विज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी विषयों को फाउंडेशन कोर्स में शामिल किया जाता था, अब यह एबिलिटी इनहेंसमेंट कोर्स यानी एआईसीके दायरे में आ जाएंगे। इन तीन कोर्स को चुनना अनिवार्य होगा।

सेशन की शुरुआत के साथ नवप्रवेशित विद्यार्थियों को पांच तरह के कोर्स में विभाजित किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने जेनरिक इलेक्टिव और वैल्यू एडेड विषयों की सूची जारी कर दी है। इसमें छात्रों के लिए बेहतरीन विषयों का संग्रह रखा गया है, जिससे छात्र मौजूदा इंडस्ट्रीज की जरूरत के हिसाब से खुद को तराश सकेंगे।

सांसद की उपस्थिति एवं कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय की उपस्थिति एवं कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला खनिज संस्थान न्यास(डीएमएफ) अंतर्गत शासी परिषद की वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। सांसद एवं शासी परिषद के सदस्य संतोष पाण्डेय ने कहा कि डीएमएफ अंतर्गत जिले में लोकहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में कार्य किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।। कलेक्टर एवं शासी परिषद के अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि जनहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए डीएमएफ अंतर्गत पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल संरक्षण, कृषि, कौशल विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के कल्याण तथा अन्य विभिन्न मुद्दों पर विकास के लिए कार्य योजना बनाई गई है। जिस पर प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाना है। खनन प्रभावित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष ग्रामों के लिए भी कार्य योजना बनाई गई। इस अवसर पर विधायक खैरागढ यशोदा नीलाबर वर्मा, विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, शासी परिषद के सदस्य भागवत शरण सिंह, खम्हन ताम्रकार, प्रेम नारायण चंद्राकर व अन्य सदस्य सहित अपर कलेक्टर एवं डीएमफ नोडल अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डीएमएफ अंतर्गत जनहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए बनाई गई कार्ययोजना - कलेक्टर

राष्ट्रीय सिकलसेल एनिमिया उन्नमूलन मिशन अंतर्गत किया जा रहा नि:शुल्क सिकलसेल जांच

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सिकलसेल एनिमिया उन्नमूलन मिशन अंतर्गत जिले में 0 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों की स्क्रीनिंग प्रत्येक समूहवार चिन्हाकिंत कर की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सिकलसेल एक अनुवांशिक रोग है, इसलिए जब तक खून की जांच नहीं करवाई जाए तब तक इस रोग की जानकारी नहीं मिलती है। सिकल सेल रोगी या परिवार को अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में निऱ्शुल्क परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से सिकलसेल माह अभियान अंतर्गत सिकलसेल जांच कराने की अपील की है। साथ ही अभिभावकों से शासकीय स्कूल में बच्चों को सिकलसेल की जांच हेतु प्रेरित करने तथा अनिवार्यतऱ जांच कराने का आग्रह किया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सिकलसेल रोग एक आनुवांशिक रक्त रोग है, जो प्रभावित रोगी के पूरे जीवन को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राजनांदगांव शहरी क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में स्वास्थ्य टीम द्वारा सिकलसेल जांच की जा रही हैं। जिसमें रोगी वाहक की पहचान कर उनका परामर्श तथा उपचार की समुचित व्यवस्था की जा सकें। सिकलसेल जांच बहुत ही आसान है, इसमें व्यक्ति को किसी भी प्रकार प्रतिकुल प्रभाव नहीं होता है। सिकलसेल स्क्रीनिंग का उद्देश्य सिकलसेल रोग के सभी रोगियों के बेहत्तर भविष्य के लिए उनकी देखभाल में सुधार करना और रोग की व्यापकता को कम करना है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्ड एवं शहरी क्षेत्र में 11 से 15 जुलाई 2024 तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों एवं निजी विद्यालयों में पंजीकृत विद्यार्थियों तथा 0 से 40 वर्ष आयु के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टॉफ का 3575 एवं कुल शहरी क्षेत्र में 4778 सिकलसेल जांच किया गया है, जिसमें 131 संभावित सिकलसेल केस की पुष्टि हुई है। साथ ही शासकीय संस्थाओं, निजी संस्थाओं में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, परिजनों एवं अन्य निजी विद्यालय व निजी महाविद्यालयों में पंजीकृत विद्यार्थियों का सिकलसेल जांच कराये जाने का आग्रह किया गया है।

डेंगू एवं मलेरिया से बचने आवश्यक सलाह

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के संबंध आवश्यक सलाह दी गई है। डेंगू से बचने के लिए कार्यालय, निवास एवं आस पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा नहीं होने दें। डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है।

कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर पानी भरें। घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्डे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजो में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

डेंगू मच्छर जनित एक वायरल बीमारी है। जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं, लेकिन मामूली सावधानी अपनाने से मच्छर के काटने से बचा सकता है। भारत में विशेषकर यह बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा सामान्यतऱ जमे हुए साफ पानी में पनपता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस समयावधि में सतर्क रहना जरूरी होता है। डेंगू से बचाव के लिए सभी शासकीय अस्पतालों में निऱ्शुल्क उपचार की व्यवस्था है। एडीज एजिप्टीएक ऐसा मच्छर है, जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। विशेषकर बारिश के मौसम की शुरूआत के साथ ही मच्छरों के प्रजनन और परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि होती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं। इससे बचाव हेतु सभी को आवश्यक उपाय अपनाना चाहिए।

सात दिवसीय ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में ग्रामीण युवाओं को मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण एवं ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर उनके कौशल का विकास करना है। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि प्रशिक्षण में 28 युवाओं को मशरूम उत्पादन तकनीक एवं उसके प्रसंस्कृत पदार्थ तैयार करने की जानकारी दी गई।

केन्द्र के कार्यक्रम सहायक जितेन्द्र मेश्राम द्वारा मशरूम स्पॉम बनाने की विधि, मशरूम से आचार, पापड़, बड़ी, मशरूम पकोड़ा एवं अन्य व्यंजन बनाने की प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।

आई.टी.बी.पी. द्वारा वनांचल में वृक्षारोपण एवं मलेरिया रोकथाम के लिए कार्यक्रम चलाया गया

डोंगरगढ़(दावा)।भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये गये 'एक पौधा मां के नाम' इस अभियान के तहत सेनानी 40वीं वाहिनी अन्नत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती ईलाके में वनांचल ग्राम कटेमा में वृक्षारोपण के साथ-साथ मलेरिया से बचाव के लिए ग्रामवासियों को मच्छरदानी वितरित किया गया ताकि मलेरिया जैसे घातक बिमारियों से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके, क्योंकि वर्तमान समय में बारिश का मौसम चल रहा है जिसमें मच्छरों के पनपने के आसार ज्यादा बढ़ गया है।

ग्रामवासियों को मलेरिया के रोकथाम के लिए मच्छरदानी का वितरण

वृक्षारोपण के तहत कटेगा गांव तथा स्कुल में छायादार पेड़ के साथ-साथ फलदार पेड लगाया गया। सहायक सेनानी संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी ग्रामवासीयों को मलेरिया के रोकथाम के लिए मच्छरदानी का वितरण किया गया। पर्यावरण का संतुलन को बनाये रखने के लिए वृक्षों को नहीं काटने की सलाह दी गई और पौधारोपण का महत्व और मानव जीवन में उपयोगिता को लेकर जानकारी दी गई।

पौधारोपण महज एक अभियान नहीं मानव जीवन का जिम्मेदारी एवं कर्तव्य का एक अहम हिस्सा भी है। इस कार्यक्रम में सहायक सेनानी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक मन्टु कुमार उपनिरीक्षक पियुष तकड़ा, आनन्दपाल, सउनि हिटलर भटट, मोहन गिरी, रामेश्वर राम एवं जवान ईन्ताज अली, स्वप्न चन्द्र, रवि कुमार, अन्य हिमवीर, डीआरजी के जवान खोमेन्द्र सोनकर, रितेश एवं ग्राम के पंच मायाराम, सुभाष, मनीष प्राथमिक स्कूल के शिक्षक राजेन्द्र एवं बच्चे एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उल्लास नवभारत साक्षरता के सफल क्रियान्वयन को लेकर जागरुकता

छुरिया (दावा)। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं असाक्षरों का सर्वे कर उनका उल्लास एप्प के माध्यम से एण्ट्री करने और आगामी दिनों में होने वाले साक्षरता महापरीक्षा में सम्मिलित किए जाने को लेकर छुरिया उल्लास साक्षरता प्रभारी सुरेश कुमार साहू ने ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों के नोडल प्रभारियों एवं सर्वेयर शिक्षकों के साथ मिलकर ग्राम में असाक्षर प्रशिक्षार्थियों को चिन्हांकित करने एवं उनका उल्लास में नाम एण्ट्री करने साथ ही स्वयंसेवी शिक्षकों के रूप में 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को सम्मिलित कर उनका भी एप्प में एण्ट्री करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम में मंगलवार को आतरगांव हायर सेकण्डरी स्कूल में पहुंचकर असाक्षरों को आगामी महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करने और उन्हें साक्षर बनाने में अपना सहयोग देने वाले 10वीं, 12वीं के छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक प्रदाय किए जाने के प्रावधानों को बताते हुए उन्हें इसका लाभ उठाने को कहा है।

इस दौरान उनके द्वारा नोडल साक्षरता प्रभारियों एवं सर्वेयर शिक्षकों को एप्प में आने वाली समस्याओं का समाधान करते हुए शीघ्र ही सर्वे कार्य पूर्ण करने में सहयोग प्रदाय किया गया।

आप अच्छे से पढ़ोगे तो डॉक्टर-इंजीनियर ही नहीं बल्कि अच्छे इंसान भी बनोगे- डॉ. अनम फातिमा

खैरागढ़ (दावा)। नगर में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही संस्था इकरा फाउंडेशन द्वारा विगत दिनों डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शाला के विज्ञान भवन (गैलरी) में जिला मुस्लिम समाज केसीजी के सरकारी स्कूल में अध्ययनरत कुल 143 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कॉपी-पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिविल अस्पताल खैरागढ़ में पदस्थ दंत चिकित्सक डॉ.अनम फातिमा उपस्थित रही।

कार्यक्रम में विशेष रूप से इकरा फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर एवं नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी, समाज के वरिष्ठ फारुख मेमन, जामा मस्जिद खैरागढ़ के सदर अरशद हुसैन, कोषाध्यक्ष समसुल होदा खान, सचिव मो. याहिया नियाज़ी, अमलीडीह मस्जिद के सदर इमाम खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाज़ी रिजवान मेमन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रियाजुद्दीन कादरी, प्रवक्ता हाजी जाहिद अली, हाज़ी मुर्तजा खान, शबाना बेगम व जहीन खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इकरा फाउंडेशन द्वारा मुख्य अतिथि डॉ.अनम फातिमा की मौजूदगी में कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य सामग्री (कॉपी-पुस्तक) का वितरण किया गया।

जीवन में सफलता की एकमात्र कुंजी शिक्षा है-अनम फातिमा

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अनम फातिमा ने बच्चों से कहा कि जीवन में सफलता की एकमात्र कुंजी शिक्षा है और आप अच्छे से पढ़ोगे तो आगे भी बढ़ोगे और अपने जीवन में कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर, इंजीनियर व शिक्षक ही नहीं बल्कि एक अच्छे इंसान भी बनोगे। अनम ने कहा कि आप लोग हमेशा अनुशासन में रहकर सभी के साथ अच्छा व्यवहार भी रखें और पढ़ाई में कड़ी मेहनत कर परिवार और समाज की उन्नति में अपना योगदान दें। उन्होंने बच्चों से कहा कि ज्यादा मोबाईल चलाना भी एक प्रकार का नशा है, इसलिए मोबाईल का इस्तेमाल कम करने की नसीहत दी और इकरा फाउंडेशन द्वारा निःस्वार्थ भावना से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर कार्यो की तारीफ भी की और इकरा फाउंडेशन को हर अच्छे कार्यों में भविष्य में हरसंभव सहयोग करने की बात कही और अंत में बच्चियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मैं भी एक सामान्य परिवार से हूं पर मेरे परिवार ने मुझ पर भरोसा कर मुझे दिल्ली में पढ़ने भेजा और आज मैं सफल होकर यहां हूं।

इकरा फाउंडेशन ने समाज के कुल 143 जरूरतमंद छात्रों को किया पाठ्य सामग्री का वितरण

मां-बाप की बात मानें, शिक्षकों के मार्गदर्शन में अच्छे से पढ़ाई करें- फारुख मेमन

कार्यक्रम में मौजूद समाज के वरिष्ठ फारुख मेमन ने बच्चों से कहा कि आप लोग अपने मां-बाप की बात मानें और शिक्षकों के मार्गदर्शन में अच्छे से पढ़ाई करें, उन्होंने सभी बच्चों को कामयाब होने के लिए ईमानदारी से मेहनत करने की नसीहत दी।

2019 से शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत बेहतर कार्य कर रही इकरा फाउंडेशन-खलील कुरैशी

फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि इकरा फाउंडेशन सन 2019 से शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत बेहतर कार्य कर रही है और हमारा मकसद शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए किसी भी तरह की परेशानी होने पर हर जरूरतमंद बच्चे की जितना हो सके उतना हरसंभव मदद करना है।

केसीजी कलेक्टर भी सरकारी स्कूल में पढ़े- मो. याहिया नियाज़ी

इकरा फाउंडेशन के सचिव मो. याहिया नियाज़ी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बच्चों से कहा कि केसीजी कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा भी सरकारी स्कूल में पढ़े है, पर आज खुद की मेहनत से वो इतने बड़े पद पर पहुंचे है इसलिए आप लोग सरकारी स्कूल में पढ़कर खुद को कभी भी किसी से कमतर ना समझे, ईमानदारी से आप मेहनत करोगे तो कामयाब जरूर होंगे।

जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व-शमशुल

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते हुए इकरा फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष शमशुल होदा खान ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है, इसलिए आप सभी बच्चे पूरी ईमानदारी और कड़ी मेहनत कर पढ़ाई करें। उन्होंने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इकरा फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने छात्रों और उनके परिजनों को आने में दिक्कत न हो इसलिए छुईखदान, नर्मदा व गंडई-पंडरिया में खुद ही जाकर वहां पर भी समाज के जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया और खैरागढ़ में कार्यक्रम आयोजित कर पिपरिया, अमलीडीह और आसपास के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। छुईखदान में बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री के वितरण के दौरान जिला मुस्लिम समाज अध्यक्ष सज्जाक खान, सदर शेख निजामुद्दीन, हाज़ी युसुफ सोलंकी, शेख इमरान, शेख आज़म, हाज़ी शेख आमिर रज़ा, अशरफ खान, अमजद खान, दादु खान, अकरम खान, शोऐब अहमद खान, फ़ैज़ खान, इरफान खान व आफरीदी खान मौजूद रहे वही नर्मदा में कापी-पुस्तक वितरण के दौरान हाजी कलाम खान, मिर्ज़ा असलम बेग, मोहम्मद अजहरुद्दीन, शब्बीर खान व ईद मोहम्मद मौजूद रहें वही इसी तरह गंडई में समाज के बच्चों को निःशुल्क कॉपी-पुस्तक वितरण करने के दौरान वहां के सदर व जिला मुस्लिम समाज के महामंत्री जाबिद खान, समाज के वरिष्ठ अय्यूब कुरैशी, शेख कलीम खान, मोहम्मद ईशहाक, वाहिद व शब्बीर अली उपस्थित रहें।

जल व वृक्ष है, तब तक जीवन है - डॉ. रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एक पेड़ मां के नाम के तहत चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव कार्यक्रम में हुए शामिल

० विधानसभा अध्यक्ष ने गांधी सभागृह परिसर में अपनी मां के नाम लगाया बरगद का पौधा

० विधानसभा अध्यक्ष ने नगरवासियों को 300 से अधिक पौधों का किया वितरण

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नगर पालिक निगम द्वारा गांधी सभागृह में आयोजित एक पेड़ मां के नाम के तहत चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नगरवासियों को 300 से अधिक फलदार, छायादार और सुंगधित फूल के पौधों का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गांधी सभागृह परिसर में अपनी माँ स्वर्गीय श्रीमती सुधा देवी सिंह के नाम बरगद का पौधरोपण किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय ने भी अपनी माँ के नाम पर पौधा लगाया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अच्छा कार्य किया जा रहा है। जल है तब तक जीवन है, वृक्ष है तब तक जीवन है। इसलिए जल संरक्षण एवं वृक्ष लगाना हमारे लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक चिंता में है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण की ही बात की जा रही है। विश्व में जल संरक्षण एवं ओजोन परत में क्षति और कार्बन उत्सर्जन सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने से मौसम में परिवर्तन आया है। जहां बारिश हुई तो बहुत होती है, नहीं तो महीने भर बारिश नहीं होती है। प्रकृति का नया-नया रूप देखने को मिल रहा है, उसके लिए हम सभी दोषी है। जंगल को कटने से बचाना है। उन्होंने कहा कि दुनिया के चारों तरफ समुद्र का पानी है। दुनिया में जितना पानी उपलब्ध है। उसका सबसे बड़ा हिस्सा 94 प्रतिशत पानी समुद्र के हिस्से में हैं। जिसका उपयोग पीने, खेती एवं अन्य उपयोग में नहीं ला सकते हैं। पृथ्वी के नीचे और नदियों, तालाबों का पानी रिसायकल होकर गिरता है। उन्होंने बताया कि 0.5 प्रतिशत ही पानी इस दुनिया के लिए उपयोगी है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज जब वृक्षारोपण की बात हो रही है। एक पेड़ अपनी माँ के नाम से लगाने से निश्चित रूप से भावनात्मक रूप से हम जुड़े हैं। उस प्रकृति से जुडने़ और बचाने के लिए हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिए हम सब का योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां से हम सभी एक-एक पेड़ ले जाएंगे और उचित स्थान में लगाएंगे। माँ के नाम पेड़ है तो इसलिए उसका रक्षा का दायित्व और कर्तव्य भी है। उसे हर साल बढ़ते हुए देखेंगे तो आपके जीवन में खुशहाली आएगी और माँ का आर्शीवाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम पेड़ आने वाली पीढ़ी के लिए लगाते हैं। किसी पीढ़ी ने पेड़ लगाया उसका फल आज हम ले रहे हैं। आप जो पेड़ लगाएंगे उसे आने वाली पीढ़ी आपको धन्यवाद देगी। इसकी शुरूआत हुई है, यह सतत चलता रहे। हमारा राजनांदगांव हरा-भरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के साथ विदेशों में होने वाले सभी कार्यक्रम में विश्व को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्व को बताया कि भारत पूरी धरती को कुटुम्ब मानती है और पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री की जलवायु परिवर्तन व विविधता के विषय में चिंतन एवं वनों के संबंध में उनके विचारों को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एक पेड़ माँ के नाम पर लगा रहा है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति के साथ समरसता रही है और इसके बिगडने़ पर देश व विश्व में विकृति आयी है। भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों, पशु-पक्षी, शिलाओं में जड़-चेतन की बात कही गई है और पूजा जाता रहा है। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि एक पेड़ से फल, फूल, छाया मिलती है और पेड़ों पर पक्षियों के लिए आशियाना भी बनता है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान से आज फिर से अपनी माँ को याद करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि हम रहे या न रहे लेकिन एक पेड़ से हम हमेशा याद किए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम क्षेत्र में हरियर राजनांदगांव बनाने के लिए सतत रूप में कार्य कर रहे हरियर मित्र दुर्गेश कुमार, जागेश्वर वैष्णव, सूरज कुमार देवांगन, श्री खिलेश्वर प्रसाद साहू, श्री कैलाश पूरी गोस्वामी, हिमांशु साहू को शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, भरत वर्मा, दिनेश गांधी, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, कोमल सिंह राजपूत, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम किशुन यदु, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, नगर निगम राजनांदगांव के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, नगर निगम राजनांदगांव के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

तहसीलदारों की मांगे पूरी नहीं, 22 को फिर करेंगे हड़ताल

पटवारियों के हड़ताल से राजस्व व्यवस्था लड़खड़ाई, किसानों से लेकर स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही परेशानी

राजनांदगांव (दावा)। पिछले सप्ताह भर से पटवारियों का हड़ताल जारी है। वे 30 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए है। जबकि पटवारियों के हड़ताल शुरू होने के दो-तीन दिन बाद तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों ने अपनी हड़ताल शुरू की थी। जो उनकी आंशिक मांग पूरी होने के बाद काम पर लौट गए है लेकिन पटवारियों की मांगे पूरी नहीं होने से वे अभी भी हड़ताल पर डटे हुए है।

अपनी 30 सूत्रीय मांगों को लेकर डटे पटवारियों को पानी-बारिश भी नहीं डिगा पा रहा। पटवारियों की लम्बी खीच रही हड़ताल से जहां राजस्व व्यवस्था लड़खड़ा गई है, वही किसानों के साथ-साथ स्कूली बच्चों भी इस हड़ताल के कारण परेशान होना पड़ रहा है। किसानों व स्कूली बच्चों का जरूरी कामों के साथ-ही आय जाति व निवास प्रमाण पत्र का काम अटका हुआ है। बता दे कि अपने 30 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों व सरकार के बीच चल रही लड़ाई में जनता पीस रही है। लेकिन इसका सप्ताह भर बाद भी कोई समाधान नहीं निकल पाया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

तहसीलदार 22 को करेंगे हड़ताल

गौरतलब है कि महासमुंद क्षेत्र के झलप में हुई नायब तहसीलदार के साथ मारपीट व गाली गलौज की घटना से तहसीलदार व नायब तहसीलदार दोनों आक्रोशित में है। उनके द्वारा अपनी सुरक्षा व अन्य मांगों को लेकर दो-तीन दिनों तक हड़ताल किया गया था। जिसमें सरकार ने उनकी आशिक मांगे ही पूरी कर पाई अन्य मांगे पूरी नहीं हो पाई है। इससे नाराज तहसीलदार व नायब तसीलदार 22 जुलाई से पुनः हड़ताल में जाने के लिए कमरकस ली है। तहसीलदार मनीष वर्मा ने बताया कि उनकी सुरक्षा संबंधी मांगों के तहत सरकार ने केवल तहसीलदार को ही सुरक्षा व्यवस्था देने नगर सैनिक उपलब्ध कराया गया है। नायब तहसीलदारों को यह सुरक्षा नहीं दी गई है। अतः वे सभी 22 जुलाई को पुनः हड़ताल पर जाने वाले है। तहसीलदार श्री वर्मा ने बताया कि सरकार को सौपे गए ज्ञापन में यह कहा गया था कि यदि उनकी पूरी मांगे नहीं की गई तो वे 22 जुलाई से पुनः धरना प्रदर्शन व हड़ताल में जाने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक उनकी शेष मांगे पूरी नहीं हुई है। इस कारण वे 22 जुलाई को पूरे प्रदेश भर के तहसीलदार व नायब तहसीलदार हड़ताल पर होंगे।

राजस्व का कामकाज ठप्प

बताते चले कि पटवारियों द्वारा जारी अनिश्चित कालीन हड़ताल से राजस्व का काम-काज पूरी तरह ठप हो गया है। वही इस हड़ताल से सबसे ज्यादा परेशान ग्रामीण क्षेत्र के किसानों व स्कूली छात्रों को होना पड़ रहा है। किसान अपने जरूरी दस्तावेज बनाने के लिए और स्कूली छात्र आय जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। परेशान लोगों का कहना है कि हड़ताल की जानकारी होने के बाद भी प्रशासन ने किसी प्रकार वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है।

इधर जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष भूपेन्द्र कांडे, राजीव श्रीवास्तव, हेमंत वर्मा, देवरतन यदु, अनुराग शुक्ला, रामलाल बिशेन, विजय साहू, पुष्पा दामले आदि के अलावा पटवारी ऐश्वर्य मिश्रा का कहना है कि मांगों की ओर सरकार का ध्यान आत्कृष्ट कराया जा चुका है फिर भी सरकार द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला कार्यालय ओवर ब्रिज के नीचे बैठे हड़ताली पटवारियों का कहना है कि जब तक मांगे पुरी नहीं हो जाती तब तक उनका हड़ताल जारी रहेगा।

> तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की मांगे पूरी नहीं होने से 22 जुलाई से फिर से हड़ताल पर जाने वाले है।
>
> **- मनीष वर्मा,**
> **तहसीलदार राजनांदगांव**

सांसद संतोष पाडे ने मोतीपुर मिनी अंडर ब्रिज निर्माण हेतु किया स्थल निरीक्षण

राजनांदगांव(दावा)। जिले के सांसद संतोष पांडे बुधवार को मोतीपुर वासियों की वन-वे अंडर ब्रिज की मांग को पूरी करने बरसते पानी में मौके का निरीक्षण करने मोतीपुर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ रेल्वे के इंजीनियर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

नक्सा खसरा तैयार कर रेल्वे विभाग को किया जाएगा। प्रेषित-मोतीपुर वासियों का जल्द मांग पूरी होने की बनी संभावना

बता दे कि सांसद संतोष पांडे का यह दूसरी बार स्थल निरीक्षण है। पहली बार जब मोतीपुर वासियों की उक्त अंडर ब्रिज की मांग को लेकर स्थल निरीक्षण करने गए थे। तब उन्होंने मौके पर पहुंचकर मोतीपुर रेल्वे क्रांसिग के समीप के स्थल का जायजा लिया और इस क्षेत्र के लोगों को मिनी अंडर ब्रिज निर्माण होने से कम से कम प्रभावित होने के बारे में ध्यान दिया गया। पहली बार स्थल निरीक्षण के समय सांसद के साथ रहे भाजपा के युवा नेता आलोक श्रोती ने बताया कि मोतीपुर निवासियों की मिनी अंडर ब्रिज निर्माण के प्लान को लेकर दो-तीन स्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें कम से कम लोगों के घर व मकान दुकान प्रभावित हो ऐसे स्टाल का चयन किया गया। वही वार्डवासियों को उक्त प्लान सहित नक्से आदि को दिखाया गया था।

बुधवार को जब दूसरी बार सांसद श्री पांडे के मौके पर पहुंचने पर मिनी अंडर ब्रिज के लिए साईड चयन कर नक्सा आदि बनवाकर रेल्वे को प्रेषित किए जाने का कार्य किया गया। इससे मोतीपुर वासियों की बहुप्रतिक्षित मिनी अंडर ब्रिज की मांग जल्दी ही पूरी होने की संभावना बढ़ गई है। तुलसीपुर वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले ने बताया कि ममता नगर अंडर ब्रिज में यातायात का दबाव अत्यधिक रूप से बढ़ जाने से मोतीपुर वासियों को शहर आने जाने सम्बंधी खासी दिक्कते हो रही है। इसलिए कम से कम एक स्कूटी मोटर सायकल आदि गुजर जाने लायक मिनी अंडर ब्रिज की मांग की जा रही है। जो कि जायजा मांग है।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में छह घंटे चली मुठभेड़, 12 माओवादी ढेर

एक सब-इंस्पेक्टर और एक जवान घायल

गढ़चिरौली (दावा)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे इलाके में पुलिस और कमांडों की नक्सलियों के साथ बुधवार को मुठभेड़ हुई। करीब छह घंटे तक चली मुठभेड़ में कम से कम 12 नक्सली मारे गए।

इस दौरान दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि दोपहर सी60 कमांडो और नक्सलियों के बीच वंडोली गांव में भारी गोलीबारी हुई। मुठभेड़ करीब छह घंटे तक चली। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने 12 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इसके अलावा तीन एके47, दो इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार, कार्बाइन और एसएलआर जब्त किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान 'डिवीजनल कमेटी मेंबर' (डीवीसीएम) लक्ष्मण अतराम उर्फ विशाल अतराम के तौर पर की गई है। वह प्रतिबंधित संगठन में तिपगाड दलाम का प्रभारी था।

नीलोत्पल ने बताया कि महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सफलता के लिए सी60 कमांडो टीम और गढ़चिरौली पुलिस को 51 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। मारे गए नक्सलियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। घायलों में सी 60 का एक उप निरीक्षक और एक जवान शामिल है। वे खतरे से बाहर हैं, उन्हें घटनास्थल से निकाल कर नागपुर भेज दिया गया है।

श्री दावड़ा विश्वविद्यालय की महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा का राजभवन में सम्मान

रायपुर (दावा)। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत बिहार, ओडिशा, गुजरात, तेलंगाना और सिक्किम राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में 9 जुलाई 2024 को आयोजित कार्यक्रम में श्री दावड़ा विश्वविद्यालय की महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा ने गुजराती समाज के प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने इन विभिन्न राज्यों की विशेषताओं को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि बुद्ध और महावीर की भूमि बिहार ने मानव जाति को शांति और अहिंसा का संदेश दिया। शिक्षा के केंद्र नालंदा ने हमारे ज्ञान और संस्कृति को एक नया आयाम दिया है। छत्तीसगढ़िया और उड़िया भाई-भाई हैं और दोनों राज्यों की संस्कृति एक-दूसरे से मिलती-जुलती है। पश्चिमी ओडिशा का छत्तीसगढ़ के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव और सामाजिक सद्भाव है। संबलपुरी कपड़ा और संगीत छत्तीसगढ़ के जीवन का हिस्सा बन गया है और लगभग 30 लाख उड़िया लोग छत्तीसगढ़ में रहते हैं तथा राज्य के विकास में योगदान दे रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि गुजरात पश्चिमी भारत का गहना है। यह व्यापार और वाणिज्य का सबसे बड़ा केन्द्र है। राज्य ने सदियों से अपने प्राचीन इतिहास, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखा है। अपने त्योहारों, पहनावे और भाषा से लेकर उनके उत्सवों और स्वादिष्ट भोजन तक, गुजरात आश्चर्यजनक रूप से अपनी जीवंत संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। तेलंगाना अपने विविध इतिहास और विरासत के साथनवाचार का संगम है। भारत का सबसे युवा यह राज्य, दक्षिण और उत्तर की दो संस्कृतियों का मिश्रण है। सिक्किम अपनी प्राकृतिक सुंदरता और संपदा के साथ-साथ शांति और सद्भाव का प्रतीक है। श्री दावड़ा विश्वविद्यालय की महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा ने छत्तीसगढ़ राज्य में निवासरत गुजराती समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए गुजराती समाज की गतिविधियों एवं राज्य के विकास में गुजराती समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री दावड़ा विश्वविद्यालय की प्रायोजक समिति मानव रचना एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रकाश दावड़ा एवं श्री दावड़ा विश्वविद्यालय महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा ने राज्यपाल को गुजरात के पारंपरिक वस्त्र भेंट किये। राज्यपाल ने डॉ.चार्मी दावड़ा को राजकीय गमछा भेंटकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

सनकी पति ने दिनदहाड़े की अपनी पत्नि की हत्या

डोंगरगांव (दावा)। सनकी पति ने दिनदहाड़े अपनी पत्नि की हत्या खेत में टंगिया से गला काटकर कर दी. मामला डोंगरगांव ब्लाक के बुध्दूभरदा ग्राम का है. भुवनेश्वरी साहू 30 वर्ष पति ओमप्रकाश साहू निवासी कोटरासरार ने पत्नी को खेत में काम करते गला एंव सिर पर टंगिया से ताबडतोड़ हमला कर दिया.

घटना बुध्दूभरदा के पैरी बाट खार के भीखम साहू के खेत पर दोपहर लगभग 1 बजे की बताई जा रही है. घटना के समय मृतक महिला की दोनो भाभियॉ कुमारी साहू एंव सुलोचना साहू मौजूद थी और उन्होंने बीच बचाव का भी प्रयास किया लेकिन टंगिया से ताबड़तोड़ हमले से भुनेश्वरी साहू की मौके पर ही अपना दम तोड़ दिया. बता दें कि इनके दो बच्चे हैं जिसमें एक लडकी 8 वर्ष व 6 वर्ष का पुत्र है.

बताया जा रहा है कि इसके पहले अपने पत्नि की हत्या करने वाले पति ओमप्रकाश साहू ने ससुराल में 30 जून को झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दी थी. पत्नी का हत्यारा ओमप्रकाश पिता टीकम साहू 35 वर्ष ग्राम कोटरासरार का निवासी है और अभी 15 दिन पूर्व ही जेल से छूट कर आया था.

डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में किया सघन वृक्षारोपण

० 3000 से अधिक लगाए गए हवादार वह छायादार वृक्षों के पौधे

० जिले के सभी थाना/चौकी/कैम्प में हुआ पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व जिले के सांसद संतोष पाण्डे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सघन वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के अलावा पुलिस अधिकारियों द्वारा 3000 से अधिक हवादार व छायादार वृक्षों के पौधे लगाकर तथा उसमें खाद-पानी डालकर उसका रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले व शासन/प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगणो की उपस्थिति रही।

पुलिस द्वारा चलाया गया वृक्षारोपण अभियान

बता दें कि 17 जुलाई को जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केन्द्र, सभी थाना, चौकी एवं बैस कैम्प में अभियान चलाकर वृक्षारोण करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस तारतम्य में पुलिस द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम में माननीय डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं सांसद संतोष पाण्डे द्वारा उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुश्री सुरूचि सिंह, भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, रक्षित निरीक्षक अरविंद कुमार साहू, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर द्वारा हवा दार व छायादार वृक्षों का पौधरोपण किया गया। इसी तरह जिले से समस्त थाना/चौकी/कैंप में भी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगभग 3000 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया।

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ
जल स्रोत खोज विशेषज्ञ (पिछले 5 वर्षों से)
100% वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच
प्रो. सौरभ साहू (ददु) - 7987256455, 9407608684
पता :- नई चौक, [illegible] के सामने, मोहारा रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)

कोतवाली थाना अब दिखेगा पहले से ज्यादा हराभरा

० टीआई एमन साहू के नेतृत्व में स्टाफ ने लगाया दर्जनों पेड़

० लिया गया विशेष रख रखाव का संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। हरियर राजनंदगांव हरियर छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में पूरे अमले ने थाना परिसर में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया। आज किया गया वृक्षारोपण के दौरान जमकर बारिश होने से रोपे गए पौधे के आसानी से जड़ पकड़ लेने की उम्मीद बढ़ गई है।

इसी के साथ पूरे स्टाफ ने प्रत्येक पौधा का विशेष रखरखाव करने का संकल्प लिया। रोपे गए सभी पेड़ फलदार और छायादार प्रजाति के है। वृक्षारोपण के दौरान नगर पुलिस निरीक्षक श्री साहू ने कहा कि हरे भरे वृक्ष धरती माता का श्रृंगार होते हैं। इन वृक्षों की शरण में आकर मनुष्य पशु पक्षी सहित तमाम तरह के जीव जंतु सुख पाते हैं। इसीलिए वृक्षारोपण को महान कार्य कहा गया है। इसकी महत्ता शास्त्रों में भी मिलती है। थाना प्रभारी श्री साहू ने सभी का ध्यान खींचते हुए यह कहा कि कोतवाली थाना परिसर में आज जो पीपल का बड़ा पेड़ देख रहे हैं। उसे भी वर्षों पहले किसी न किसी भले मानुष ने लगाया रहा होगा। उसकी छाया में आप हम और आम आदमी विश्राम करते हैं। पशु पक्षी इनकी छांव में आकर थकान मिटाते और सुख पाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com